तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

10 दिवाली से पहले एजेंसियों का भुगतान होगा ...



11 किसानों के आंदोलन के 50वें दिन पहुंचे पूर्व विधायक...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



खबर संक्षेप

खंडहर में मिली नशे की दवा 59 हजार का सामान जब्त



भिलाई। नशे की दवा के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस खंडहर के पास प्रतिबंधित स्पास्मो प्रॉक्सीवॉन प्लस कैप्सूल बेचने वाले युवक 02/बी, के.एल.सी., वार्ड क्रमांक 31, जोन-01, सेक्टर-11, खुर्सीपार निवासी रेशम सिंह को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 12 स्ट्रीप में कुल 96 कैप्सूल नशे का, मोबाइल फोन, बाइक और नगदी जब्त किया गया। उक्त दवा की कीमत 59,400 रुपए आंकी गई है।

हमले का प्रयास, गिरफ्तार



भिलाई। तलवार से हमला करने का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अमरेन्द्र सिंह ट्रांसपोर्ट नगर, हथखोज की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में ट्रक हटाने की बात को लेकर ट्रक चालक और पीड़ित के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी हथखोज निवासी सचिदानंद सिंह को पकड़ा गया।

गांजा के साथ युवक पकड़ाया

भिलाई। अवैध रूप से गांजा बेच रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हथखोज बाईपास रोड भिलाई तीन दबिश देकर गांजा बेचने वाले को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम वार्ड 1 भिलाई तीन निवासी रितेश अहिरवार उर्फ केम्मा बताया है। उसके पास से गांजा 1.520 किलो ग्राम जब्त किया गया। जिसकी कीमत 76 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी 700 रुपए भी बरामद किए गए है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

संवर रहा दुर्ग स्टेशन : अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हो रहा कायाकल्प, अप्रैल 2028 तक काम होगा पूरा

रूफटॉप सोलर से जगमगाएगा स्टेशन...चार तरफ से आवाजाही

खुलेगा नया टिकट काउंटर, पुराने ब्रिज के पास से मिलेगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आने वाले समय में दुर्ग रेलवे स्टेशन हाईटेक रेलवे स्टेशन के रूप में पहचान बनाएगा। अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए की लागत से स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। अप्रैल 2028 तक काम पूरा होना है। इस दौरान स्टेशन में रूफटॉप सोलर पैनल लगाया जा रहा है, ताकि पूरे स्टेशन को सूर्य की रोशनी से रोशन किया जा सके। इसके अलावा हाईटेक वेटिंग हॉल, एस्क्लेटर, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, चार तरफ से आवाजाही के मार्ग, रेलवे कर्मचारियों के लिए आवास, नए दफ्तर, ऑपरेटिंग स्टेशन से लेकर अन्य कार्य किए जा रहे हैं। सांसद विजय बघेल ने मंगलवार को जारी कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान रेलवे के अधिकारियों ने उन्हें कामों के बारे में जानकारी दी। खास बात यह है कि रेलवे स्टेशन में आने वाले समय में दोनों तरफ से गेट रहेंगे। दूसरी तरफ का प्रस्तावित गेट वर्तमान में फ्लाई ओवर से ठीक नीचे दिया जाएगा। इसके अलावा आसपास के अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इस जगह पर गेट का निर्माण किया जाएगा। इसके आसपास ही वाहनों की पार्किंग भी दी जा रही है। स्टेशन में आने वाले समय में 1 हजार से ज्यादा वाहनों की पार्किंग रहेगी। सघन आबादी के बीच स्थित स्टेशन का आधुनिकीकरण और पुनर्विकास किया जा रहा है। वर्तमान में स्टेशन पहुंचने के लिए यात्रियों को ही नहीं वीआईपी को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए आम यात्रियों, डाक सामान, कर्मचारियों के लिए अलग-अलग पहुंच मार्ग का निर्माण किया जा रहा है।

सांसद विजय बघेल ने जारी कामों का किया निरीक्षण, अधिकारियों से ली जानकारी



स्टेशन के आसपास अतिक्रमण से मिलेगी मुक्तिः बघेल

सांसद विजय बघेल ने निरीक्षण के दौरान कहा कि रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के कार्यों में पहले कुछ समस्याएं थी जिसे अब दूर कर लिया गया है और सारे निर्माण कार्य तेज गति से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां स्टेशन परिसर में सड़क के किनारे अतिक्रमण के साथ लोगों की समस्याएं भी है। इसके लिए उन्होंने रेलवे प्रशासन, नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन की एक संयुक्त कमेटी का गठन कर निराकरण करने का सुझाव दिया। दुर्ग रेलवे स्टेशन का छत्तीसगढ़ में बड़े विकसित रेलवे स्टेशन के रूप में विकास हो रहा है। इस अवसर पर रेलवे के एडीआरएम बजरंग अग्रवाल, सीनियर डीसीएम विपुल विलास राव सीनियर सहित अन्य मौजूद थे।



पटरीपार में बनाए गए टिकट काउंटर का होगा विस्तार

स्टेशन में वर्तमान टिकट काउंटर के अलावा पटरीपार की तरफ भी नया टिकट काउंटर खोलने की तैयारी है। वर्तमान में खुले टिकट काउंटर का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे कर्मचारियों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं। करीब ढाई सौ आवासों का निर्माण किया जा रहा है। पार्किंग क्षेत्र का भी विस्तार किया जा रहा है। लगभग 19,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में 925 वाहनों के लिए आधुनिक पार्किंग की सुविधा विकसित की जा रही है।आधुनिक बनाने के लिए डिजायन तैयार कर लिया गया है। रेलवे स्टेशन में यात्रियों के लिए हाईटेक वेटिंग हॉल का निर्माण किया जाएगा। वेटिंग हॉल को हाईटेक बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वेटिंग हॉल वातानुकूलित होगा। स्टेशन में भूमिगत पार्किंग सुविधा भी होगी। स्टेशन के पुनर्विकास योजना में एक फूड कोर्ट, वेटिंग रूम भी शामिल है।

अंग्रेजों के जमाने का मालधक्का अब नहीं रहा, जहां से होती थी कांकेर से कवर्धा तक के सामान की लोडिंग-अनलोडिंग



दुर्ग। दुर्ग स्टेशन के पटरीपार में हो रहे रिनोवेशन के कारण अंग्रेजों के जमाने का मालधक्का समाप्त हो गया है। इस पुराने ढांचे पर बुल्डोजर चला दिया गया है। साथ ही माल धक्का को बोरई में शिफ्ट कर दिया गया है, जहां से पिछले 15 दिनों से रैक की लोडिंग-अनलोडिंग हो रही है। 5 से ज्यादा चावल कै रैक भी लग चुके हैं। बता दें कि यह मालधक्का अंग्रेजों के जमान में स्थापित हुआ था। दुर्ग स्टेशन जब 1891 में शुरू हुआ, इसके बाद सामानों की आवाजाही के लिए इसका इस्तेमाल शुरू हुआ। कांकेर से लेकर बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव से लेकर बस्तर के कई क्षेत्रों से सामानों की आवाजाही का यह सेंटर रहा, जहां से माल आते और निर्धारित स्थलों तक भेजा जाता रहा। आजादी के बाद बीएसपी की स्थापना के बाद मालधक्का की डिमांड और बढ़ी। बाद में अन्य स्टेशनों और यार्ड के निर्माण के बाद दबाव कम हुआ। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक, सीमेंट, खाद, चावल सहित अन्य अनाजों की ट्रांसपोर्टिंग के लिए मालधक्का का इस्तेमाल किया जा रहा था। पिछले दिनों इस मालधक्के को तोड़ दिया गया। इतिहास के जानकार और पूर्व पार्षद डी प्रकाश बताते हैं कि दुर्ग रेलवे माल गोदाम से एक समय तक पूरे जिले के आसपास का व्यापार का सामान आता जाता था। मालधक्का मुख्य केंद्र हुआ करता था। केडिया फैक्ट्री के लिए मोलासेस का भी यहीं से आवाजाही हुआ करती थी। रेलवे और शहर के बढ़ते क्षेत्रफल आबादी के मध्य नजर रेलवे दुर्ग को मॉडल स्टेशन बनाने जा रहा है, जिससे कई सुविधाएं तो मिलेंगी, लेकिन मालधक्का भुला दिया जाएगा।

फरार वारंटियों के लिए पुलिस का अभियान

7 दिनों में 201 स्थायी व गिरफ्तार वारंटियों को भेजा गया न्यायालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ने सात दिनों से भियान चलाकर 201 स्थायी व गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया। इसमें कई लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली भी कराई थी।

न्यायालयीन आदेशों के पालन कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने दुर्ग पुलिस का अभियान 20 से 26 अक्टूबर तक चलाया गया। इस दौरान जिले के सभी थाना, चौकी क्षेत्रों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की पतासाजी कर उनकी गिरफ्तारी के लुए विशेष प्रयास किया गया। पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास कर फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना दुर्ग 28, सुपेला 22, नेवई 20, वैशाली नगर 16, पद्मनाभपुर 15, छावनी 14, भिलाई नगर 11, उतई 9, जामुल 8, नंदिनी नगर 8, खुर्सीपार 7, भिलाई भट्ठी 6, थाना 6, अन्य थाना चौकी से 32 को पकड़ा गया।

भिलाई निवास के पास बोरे में बंद मिला मानव सिर, पहचान अब तक नहीं, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाईनगर थाना अंतर्गत भिलाई निवास के पीछे मानव सिर का कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई । कंकाल का शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है।

- सेप्टिक टैंक की सफाई करने पहुंचे कर्मियों ने सबसे पहले देखा, भिलाईनगर पुलिस कर रही जांच



पुलिस ने बताया कि सिविक सेंटर स्थित भिलाई निवास के पीछे मंगलवार को बोरी में मानव सिर मिला जो सिर बुरी तरह सड़ चुका है। बीएसपी की सेप्टिक लाइन में पानी जाम होने की शिकायत पर सफाई कर्मी मौके पर पहुंचे थे। सफाई कर्मी लाइन और आसपास की सफाई कर रहे थे। तभी उन्हें बोरी में मानव सिर दिखाई दिया। कर्मियों ने तुरंत अपने अफसरों को सूचना दी, उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।पंचनामा कार्रवाई के बाद सिर को पीएम के लिए भेज दिया गया। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक बरामद सिर नर कंकाल का होने का संदेह जताया जा रहा है। काफी समय से पड़े होने के कारण सिर बुरी तरह सड़ चुका है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सिर वहां कैसे पहुंचा। संदेह है कि सिर बहकर सेप्टिक लाइन तक आया होगा, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। मानव सिर मिलने के बाद पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। सिर को देख हत्या या फिर अन्य घटना होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। कंकाल मिलने के बाद पुलिस आसपास के क्षेत्र से साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। मृतक की पहचान और सिर मिलने की का पता लगाने के लिए टीम बनाई गई है। मेड़िकल कॉलेज से रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी।

नो-पार्किंग में खड़े 202 वाहनों पर कार्रवाई, 15 हजार का जुर्माना



लंबे समय तक गायब रहने वाले चालकों के वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के प्रमुख बाजारों पर नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को इंदिरा मार्केट, नेहरूनगर से सूर्या मॉल होते हुए रानी अवंतिबाई चौक, पावर हाउस, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर कार्रवाई की गई।

इस दौरान 202 वाहनों पर कार्रवाई कर उनसे 15 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इतना ही नहीं लंबे समय तक गाड़ी खड़ा कर नदारत रहने वालों की गाड़ियों को जब्त किया गया। दुर्ग एवं भिलाई निगम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की गई। दुर्ग के इंदिरा मार्केट तथा भिलाई में नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक, अवंति बाई चौक एवं सेक्टर क्षेत्र स्थित सिविक सेंटर मार्केट में संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमण को नगर निगम की टीम द्वारा हटाया गया तथा नो-पार्किंग में खड़े एवं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। पावर हाउस मार्केट एवं रेलवे स्टेशन के सामने भी यातायात पुलिस और संबंधित नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क एवं बाजार क्षेत्रों में आवागमन को बाधित करने वाले अतिक्रमण को हटाकर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की कार्रवाई की गई।

- सड़क पर अतिक्रमण करने एवं यातायात व्यवस्था बाधित करने वालों के विरुद्ध ट्रैफिक पुलिस सख्त

यातायात पुलिस दुर्ग एवं दुर्ग - भिलाई नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सड़क पर अतिक्रमण करने, नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने तथा यातायात व्यवस्था बाधित करने वालों के विरुद्ध संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। वाहन चालक निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही अपने वाहन खड़े करें तथा व्यापारी एवं आम नागरिक सड़क एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें और यातायात नियमों का पालन करते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करें।

चक्रवाती तूफान अर्नब को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जारी किए निर्देश

प्रशासन का अलर्ट : बना कंट्रोल रूम, नदी से सटे गावों में पहुंचाया राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान अर्नब से ट्विनसिटी की फिजां बदल गई है। पूरे दिन तेज हवाएं चली और आसमान पर बदली छाई रही। ऐसा भी लगने लगा कि अब-तब बारिश भी शुरू हो जाएगी। लगातर धूप के बाद अचानक मौसम के इस बदलाव से तापमान में भारी गिरावट आई है। मौसम विभाग ने 28 अक्टूबर को दुर्ग, भिलाई सहित संभाग में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसलिए जिला प्रशासन ने भी आवश्यक तैयारी करवाई है। मसलन जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना तंत्र को सक्रिय करवा दिया गया है। प्रभावित लोगों को ठहराने के लिए राहत केम्प स्थान की साफ-सफाई एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रखें। नदी के किनारे प्रभावित गांवों में खाद्य विभाग द्वारा राशन दुकानों में खाद्यान्न की आपूर्ति करने अधिकारियों को हिदायत दी गई है। धान की फसल को काफी नुकसान पहुंच सकता है इसलिए कृषि विभाग ने अधिकारियों की टीम बनाई है जो किसानों को इस तूफान के प्रभाव से बचने की सलाह दे रहे हैं। कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान अर्नब से मौसम बदला, दिनभर ठंडी हवाएं चली और छाई रही बदली

चक्रवाती तूफान अर्नब आज सुबह यनम तट करेगा पार

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार चक्रवाती तूफान अर्नब 27 अक्टूबर सुबह 8:30 बजे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में सक्रिय है। 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के बापटला और विशाखापत्तनम के बीच, यनम के पास तट को पार करने (लैंडफॉल करने) की प्रबल आशंका है। पिछले 6 घंटों में 20 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा है। यह 140 से 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तट पर टकराएगा।



तीन डिग्री सेल्सियस नीचे गिरा पारा

अर्बन का प्रभाव से ट्विनसिटी का पारा भी काफी नीचे आ गया । तीन डिग्री सेल्सियस पारा लुढ़क गया है। पूरे दिन लोगों को ठंडी हवाएं ने कंपकंपा दी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।

कृषि विभाग करेगा निगरानी

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से दुर्ग जिले में 28 और 29 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश की संभावना है। किसानों की सहायता और फसलों को नुकसान से बचाने के लिए कृषि विभाग ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया है। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ. रणधीर लाल अंबाड़े को जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा के डॉ. एसके थापक और कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा के डॉ. ईश्वरी कुमार साहू सहायक नोडल अधिकारी होंगे। डी सत्यवती सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, अनिल चंद्राकर और चित्रकांत चंद्राकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को सहायक की जिम्मेदारी दी गई है। किसान जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंबाड़े के मोबाइल नंबर 8827804047 पर संपर्क कर सकते हैं। अन्य सहायक नोडल अधिकारियों से भी मार्गदर्शन लिया जा सकता है।

चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज सड़क पर फैली गिट्टी से बढ़ा हादसे का खतरा, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज सड़क का पिछले दिनों मेंटेनेंस किया गया। इस दौरान लोहे के एंगल को जाम किया गया, इसके बाद मौके पर पड़ी गिट्टी को छोड़ दिया। यह अब मार्ग से गुजरने वालों के लिए हादसे का सबब बन रहा है। आए दिन बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। हादसों का शिकार हो रहे हैं। खास बात यहै कि निगम के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बारे में जानकारी भी दी जा चुकी है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं किया गया, जिसकी वजह से हर दिन हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग से गुजरना मुश्किल हो रहा है। ऐसे समय में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के गुजरने से डर लगता है। धीमी रफ्तार में भी वाहन गुजराने पर अनियंत्रित होने का खतरा बना हुआ है। रात के समय ज्यादा परेशानी होती है। बता दें कि अंडर ब्रिज के रास्ते टाउनशिप की तरफ से आवाजाही होती है। पटरी के दोनों तरफ से जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है, जहां से 24 घंटे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। बावजूद इसके लापरवाही बरती जा रही है। गिट्टी फैलने से दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामने करना पड़ रहा है। पास में गर्डर होने के कारण इससे टकराने की संभावना बनी रहती है। इसे जल्द साफ नहीं किया गया तो दुर्घटना भी हो सकती है।





पिछले तीन दिनों से चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में गिट्टी फैली हुई है, 24 और 25 अक्टूबर को हुए मेंटेनेंस के बाद रेत और गिट्टी को छोड़ दिया गया है।

खबर संक्षेप

सांसद-सरपंच संवाद आज

दुर्ग। सांसद विजय बघेल की पहल पर 28 अक्टूबर को कलामंदिर में सांसद-सरपंच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के लगभग 300 सरपंच शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम पंचायतों तक पहुँचाना, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस अवसर पर संबंधित सात विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अधिकारी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, उनकी पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करेंगे। साथ ही सरपंचों की समस्याओं, सुझावों और ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर संवाद किया जाएगा। सांसद-सरपंच संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय को मजबूत करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं का लाभ जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे।

बीएसपी सोसाइटी की मतदाता सूची जारी

भिलाई। बीएसपी एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-4 की मतदाता सूची जारी कर दी गई है। मतदाता 5 नवंबर तक अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। राज्य सहकारिता निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेश के अनुपालन में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी देवाशीष दास ने सोसायटी की मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सोसायटी के मतदाताओं किसी भी प्रकार की दावा या आपत्ति के लिए सेक्टर-04 ए मार्केट स्थित कार्यालय में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अधिकृत प्रबंधक सुदीप कुमार बनर्जी के पास 5 नवंबर तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इन दावों और आपत्तियों का निराकरण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 6 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से सोसायटी कार्यालय में किया जाएगा।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य को लेकर भी की चर्चा

दिवाली से पहले एजेंसियों का भुगतान होगा क्लीयर जरूरत पड़ने पर शासन को डिमांड भेजने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभागार में समय-सीमा की बैठक हुई। चक्रवाती तूफान को लेकर कलेक्टर ने अलर्ट रहने के निर्देश दिए। 28 और 29 अक्टूबर को अर्नब तूफान के प्रभाव से बचने कारगर पहल करने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए तालाबों एवं सरोवरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण कार्य एजेंसी विभाग किसी भी प्रकार की भुगतान लंबित न रखें। राशि भुगतान, बजट के कारण लंबित हो तो शासन स्तर से विभागीय मद में बजट की मांग की जाए। कलेक्टर ने कहा कि लंबित देयक का भी निराकरण कर संबंधितों को भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी यह ध्यान रखें कि दीपावली के पहले किसी भी प्रकार का भुगतान लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि विगत राज्योत्सव के लंबित देयक का भुगतान भी विभागों से होना है। सभी विभागीय अधिकारी इस पर विशेष ध्यान देवें।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी माह में जिले के चार नगरीय निकायों में निर्वाचन कार्य संपन्न होना है। निर्वाचन कार्य को सुचारू संचालन हेतु सभी विभागों की अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगायी जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विभागों को डाटाबेस एन्ट्री कराने की प्रक्रिया जारी है। सर्व विभाग प्रमुख अधिकारी निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों की डाटाबेस एन्ट्री एनआईसी दुर्ग में कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के रिसाली एवं भिलाई नगर निगम के कुछ वार्डों की मतदाता सूची की शिफ्टिंग में गलतियां पायी गई है। संबंधित क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आधार पत्रक एवं साफ्टवेयर की जांच कराएं और जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस दिया जाए।

धान खरीदी को लेकर केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा





ई-ऑफिस प्रक्रिया में लंबित फाइल का त्वरित करें निराकरण

ई-ऑफिस प्रक्रिया के तहत फाईल लंबित न रखकर पार्क करना सुनिश्चित करें। विभाग में जिस कर्मचारी द्वारा फाइले लंबित रखी गई हो उसे संबंधित विभाग/कार्यालय प्रमुख समक्ष में निराकरण करायें। कलेक्टर ने अवगत कराया कि आगामी दिनों में जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने जा रही है। इस वर्ष 123 खरीदी केन्द्रों में धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अभी से इन केन्द्रों में समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगरीय निकाय भिलाई-3 चरोदा, जामुल एवं उतई में एसटीपी हेतु भूमि आबंटन कार्यवाही प्रगति लाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु सबंधित तहसीलदार को आवश्यक जानकारी भू-अभिलेख शाखा को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में दुर्ग आयुक्त लीना कोसम, नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह, एडीएम विरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर सिल्ली थामस, अपर कलेक्टर खेमलाल वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त सुदेश सुन्दरानी, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

अमर्यादित टिप्पणी कांग्रेस की हताशा और संस्कारों को करती है उजागर : डॉ. चौधरी

भिलाई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद पर आसीन प्रधानमंत्री के प्रति ऐसी भाषा का प्रयोग राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। भाजपा प्रदेश सह-संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि राजनीति में विचारों का विरोध होना चाहिए, व्यक्तित्व का अपमान नहीं। लोकतंत्र में स्वस्थ आलोचना हर किसी का अधिकार है, लेकिन अभद्र भाषा किसी भी नेता की गरिमा को बढ़ाती नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक सोच और संस्कारों पर सवाल खड़े करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के जनादेश से चुने गए नेता हैं। उनका विरोध करने के लिए कांग्रेस को तथ्यों, नीतियों और जनहित के मुद्दों पर बात करनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत टिप्पणियों का सहारा लेना चाहिए।कांग्रेस नेतृत्व को समझना चाहिए कि शब्दों की मर्यादा ही लोकतंत्र की गरिमा है।

भाजपा नेताओं पर कांग्रेस का पलटवार

दुर्ग। पूर्व पार्षद और कांग्रेस नेत्री प्रेमलता साहू ने भाजपा नेताओं के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर दिए जा रहे बयान को लेकर कहा कि उनका दोहरा चरित्र सामने आ चुका है। भाजपा के नेता देश के महापुरुषों को बदनाम करने में कभी पीछे नहीं रहे। भाजपा की कुंठित मानसिकता किसी से छिपी नहीं है। प्रेमलता ने कहा कि असली मुद्दा यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने प्रधानमंत्री के परिवारवाद पर सवाल उठाया है, तो भाजपा तिलमिला गई है। भाजपा पहले अपने गिरेबान में झांके, जो पार्टी रोज गांधी-नेहरू परिवार के दिवंगत नेताओं का अपमान करती हो, वह हमें संस्कार और मर्यादा का पाठ न पढ़ाए। जनता सब जानती है कौन लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहा है।

नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर कल

दुर्ग। समाज सेवा एवं जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन परिवार एवं वर्धमान जैन स्थानकवासी श्रावक श्रमण संघ के संयुक्त तत्वावधान में 29 अक्टूबर को नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मानव मिलन संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि एवं साध्वी लक्ष्मी का सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही राजनांदगांव की सेवा भाभी संस्था उदयाचल परिवार के द्वारा दांत एवं नेत्र रोग की चिकित्सा एवं परामर्श का यह शिविर जय आनंद मधुकर भवन बांदा तालाब दुर्ग में आयोजित होगा। शिविर सुबह 10 बजे से 4 बजे तक होगा। आयोजकों ने बताया कि शिविर में आने वाले नागरिक नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य से संबंधित अपनी समस्याओं के बारे में विशेषज्ञों से परामर्श ले सकेंगे।

एफसीआई में चला स्वच्छता अभियान अफसरों ने श्रमदान कर लगाया झाड़ू



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय खाद्य निगम में विशेष स्वच्छता अभियान 6.0 चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना तथा लंबित मामलों को न्यूनतम करना रहा।

कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर की सफाई की गई। इस दौरान विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। अधिकारियों ने श्रमदान और आसपास सफाई रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। एफएसडी द्वारा इस अभियान के माध्यम से स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं कार्यकुशल कार्यालयीन वातावरण विकसित करने तथा लंबित कार्यों के समयबद्ध निस्तारण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

गोवर्धन पूजा पर अवकाश के निर्णय का सर्व समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ ने जताया हर्ष

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दीपावली के दूसरे दिन मनाए जाने वाले पर्व गोवर्धन पूजा के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के निर्णय का छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन (अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ) ने हर्ष व्यक्त करते हुए स्वागत किया है। संगठन के प्रांताध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा, आस्था, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, गौवंश के संरक्षण और सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है।

उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत विभिन्न पर्वों, त्योहारों, लोक परंपराओं और सामाजिक मान्यताओं से समृद्ध है। छत्तीसगढ़ की अपनी विशिष्ट लोक संस्कृति एवं परंपराएं हैं, जिनमें गोवर्धन पूजा का विशेष स्थान है। ऐसे महत्वपूर्ण पर्व पर अवकाश की घोषणा प्रदेश की जनभावनाओं और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान की दिशा में स्वागतयोग्य कदम है।

दुकानदारों को वितरित किए डस्टबिन



दुर्ग। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और दुकानदारों को महापौर अलका बाघमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल,एम एमआइसी ज्ञानेश्वर ताम्रकर,वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य हर्षिका संभव जैन,युवराज कुंजम सहित स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा कुणाल एवं निगम अमला के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निबू लाइन से जवाहर चौक होते हुए पांच कंडील तक के दुकानदारों के दुकानों में जाकर डस्टबिन वितरित किए गए। इस अवसर पर महापौरअलका बाघमार ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सभी दुकानदार अपनी दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में ही डालें तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहन को ही कचरा सौंपें। सड़क, नाली एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा इधर-उधर न फेंकें, जिससे शहर की स्वच्छता बनी रहे और आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में दुकानदारों एवं नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध निगम के नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए सभी दुकानदार स्वच्छता नियमों का पालन करें और दुर्ग शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

डेयरी पशुओं में प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग पर लगेगी रोक, निगरानी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक संपन्न

कलेक्टर अभिजीत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में पशु कल्याण, अवैध पशु परिवहन की रोकथाम, पशु जन्म नियंत्रण, टीकाकरण और निराश्रित पशुओं के व्यवस्थापन सहित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभागों को निर्देश दिये है कि पशुओं के साथ बबर्रता और अवैध परिवहन के मामले में तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिले में संचालित अपंजीकृत पशु एवं मांस दुकानों का निरीक्षण करने और अनियमियतता मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये। अवैध एवं बर्बरतापूर्ण तरीके से पशुओं का परिवहन करने वालों में सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आवारा श्वानों की नशबंदी, रेबीज टीकाकरण और कृमिनाशक दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिये गये। साथ ही डेयरी पशुओं में आक्सीटोसिन जैसी प्रतिबंधित दवाओं के दुरूपयोग पर रोक लगाने हेतु नियमित निगरानी करने के निर्देश दिये। पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के प्रावधानों और दण्डात्मक कार्यवाही की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया। पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के संबंध में एक एसओपी तैयार कर संबंधित विभाग को प्रेषित करने पशुधन विकास विभाग को निर्देश दिये गये। बैठक में नगर निगम दुर्ग की आयुक्त लीना कोसम, नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त सुदेश सुन्दरानी, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, पुलिस, राजस्व, पशुधन विकास विभाग तथा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत आयोजन

भाजपा की पदयात्रा 30 को, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी द्वारा एसआईआर को लेकर आमजन के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा मतदाता सूची की शुद्धता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के उद्देश्य से चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 30 अक्टूबर को दुर्ग शहर में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा प्रमुख रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी संचालन की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्री सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदयात्रा की रूपरेखा तय करने के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा संचालन हेतु टोली का गठन किया गया। बैठक में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महापौर अलका बाघमार, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, संतोष सोनी सहित अन्य प्रमुख रूप से

- पदयात्रा की रुपरेखा के साथ कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी



एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत करने का माध्यम : बघेल

विजय बघेल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन और विश्वसनीय होना अत्यंत आवश्यक है। एसआईआर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को लेकर समाज के बीच किसी भी प्रकार की भ्रांतियां नहीं रहनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे आम नागरिकों तक सही जानकारी पहुंचाएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास को मजबूत करें। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। ललित चंद्राकर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए नागरिकों में जागरूकता और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति विश्वास आवश्यक है। इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, अलका बाघमार तथा प्रीतपाल बेलचंदन ने भी विचार रखे।

भाजपा का कांग्रेसी सत्ता वाले निगमों में हल्ला बोल 3 और 5 नवंबर को

भिलाई। नगर निगम भिलाई और नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में कथित भ्रष्टाचार, विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतों तथा सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था की बदहाली को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। 3 नवंबर को भिलाई तथा 5 नवंबर को नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में प्रदर्शन किया जाएगा। जिला प्रभारी रामजी भारती ने कहा कि नगर निगमों से जुड़े जनहित के मुद्दों को गंभीरता से उठाना आवश्यक है। सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं का सीधा संबंध आम नागरिकों के दैनिक जीवन से है। इन व्यवस्थाओं में कमी या लापरवाही की शिकायतों पर संबंधित प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। जिला अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि नगर निगमों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होना जरूरी है। विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर सामने आने वाली शिकायतों की जांच होनी चाहिए। जनता को यह जानने का अधिकार है कि विकास कार्यों पर खर्च होने वाले संसाधनों का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है और नागरिकों को अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।



दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-

श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।

माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

खबर संक्षेप



टीकाकरण व्यवस्था का सरपंच ने किया निरीक्षण

उतई। ग्राम पंचायत सांकरा स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के नियमित टीकाकरण अभियान का युवा सरपंच रवि सिंगौर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में टीकों की उपलब्धता, भंडारण एवं आवश्यक औषधियों के संबंध में स्वास्थ्यकर्मियों से जानकारी प्राप्त की। सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि समय पर टीका लगवाना बच्चों के सर्वांगीण स्वास्थ्य और गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है।

आंतों की सेहत और पंचकर्म पर दी जानकारी



उतई। प्रिज्म प्राइवेट आईटीआई, महकाखुर्द (उतई) में आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता प्रसार के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) डुंडेरा की आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विजेयता वर्मा (एम.डी. आयुर्वेद) एवं शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग की डॉ. सरला बांधे (एम.डी. आयुर्वेद) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. विजेयता वर्मा ने कहा कि बेहतर आंत्र (आंतों का) स्वास्थ्य ही संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य का आधार है। संतुलित खान-पान, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, शारीरिक व्यायाम और मानसिक तनाव प्रबंधन को अपनाकर जीवनशैली में सुधारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने आयुर्वेद के मौलिक सिद्धांतों की जानकारी देते हुए बताया कि यह पद्धति रोगों की रोकथाम और स्वास्थ्य संरक्षण पर बल देती है। डॉ. सरला बांधे ने पंचकर्म चिकित्सा पद्धति की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

निधन

उमा बाई साहू

भिलाई। रामनगर निवासी उमा बाई साहू 54 वर्ष का आकस्मिक निधन



मंगलवार को हाईटेक अस्पताल में हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सुंदरा खरोरा में किया गया। वे वरिष्ठ लोक कलाकार और रामनगर मुक्तिधाम के कर्मी शंकरलाल हिरवानी की पत्नी और प्रदीप, मोहन और मोमिन की मां थीं। कलाकारों ने उनके आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है।

गोलकनाथ भुयन

भिलाई। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व श्री जगन्नाथ मंदिर समिति से 6 के पूर्व कोषाध्यक्ष



अध्यक्ष गोलकनाथ भुयन का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे उनके निज निवास कृपाल नगर, शांति नगर सेंट जेवियर स्कूल के पास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वह अपने पीछे भाजपा नेता पुत्र जितेंद्र भुयन सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

NAME CHANGE

It is hereby informed to the general public that I, **Devendra Saini / Devender Saini**, residing at Plot No. 32, Street No. B, Triveni Nagar, Smriti Nagar, Bhilai, Chhattisgarh, I have changed my old name and have adopted my new name as **Devendar Singh** Saini. Henceforth, I shall be known and identified as Devendar Singh Saini for all purposes, and my new name shall be used in all government, official, financial, and other documents and records. Devendar Singh Saini Address: Plot No. 32, Street No. B, Triveni Nagar, Smriti Nagar, Bhilai, Chhattisgarh.

15 दिनों में समाधान न होने पर साथ धरने पर बैठने की दी चेतावनी

किसानों के आंदोलन के 50वें दिन पहुंचे पूर्व विधायक बाफना, दिया पूरा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

आईडीबीआई बैंक से जुड़े ऋण मुक्ति विवाद और कृषकों की विविध समस्याओं को लेकर किसान समिति की क्रमिक भूख हड़ताल निरंतर जारी है। आंदोलन के 50वें दिन पूर्व विधायक लाभचंद बाफना धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों से चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने पूर्व विधायक की इस पहल व समर्थन का स्वागत किया है।

पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने ग्राम परसबोड़ में ट्रांसफार्मर से जुड़ी समस्या पर विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल बातचीत की। उन्होंने ट्रांसफार्मर हटाने, न्यूनतम मांग पत्र (डिमांड नोट) तैयार करने तथा नियमानुसार राहत दिलाने का प्रयास करने की बात कही। इसके साथ ही बैंक ऋण मुक्ति मामले में प्रबंधन से चर्चा कर आवश्यक जानकारी जुटाने व किसानों की सहायता का भरोसा दिया। बाफना ने स्पष्ट किया कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर समस्याओं के निराकरण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे स्वयं किसानों के साथ धरने पर बैठेंगे। किसानों ने बाफना के इस पहल का स्वागत किया।

मामला निजी बैंक से जारी कर्ज का, परेशान है अंचल के किसान



50 दिनों से जारी है क्रमिक भूख हड़ताल

आईडीबीआई बैंक ऋण मुक्ति विवाद को लेकर किसान लंबे समय से आंदोलनरत हैं। किसानों का आरोप है कि ऋण मुक्ति के नाम पर उन्हें उचित राहत नहीं मिली है। इसी विषय पर किसान समिति के नेतृत्व में जारी क्रमिक भूख हड़ताल 50वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। समाधान न होने से किसानों में गहरा आक्रोश है। किसान बैंक प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों से निष्पक्ष जांच, जानकारी को सार्वजनिक करने तथा समस्याओं के पारदर्शी समाधान की मांग कर रहे हैं।

किसान नेता चंदेल ने की पहल की सराहना

किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने पूर्व विधायक लाभचंद बाफना द्वारा किसानों की सुध लेने और समाधान हेतु कदम उठाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों को किसान हितों के प्रति गंभीर होना चाहिए।

गोवंश की अव्यवस्था से फसलें प्रभावित, ग्राम-स्तरीय बैठकों की मांग

भूख हड़ताल के दौरान क्षेत्र में गोवंश की अव्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उभरा। किसानों ने बताया कि सड़कों और खेतों में घूम रहे गोवंश के कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है, वहीं उचित रखरखाव न होने से पशु भी असुरक्षित हैं।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किसानों ने गोवंश के समुचित व्यवस्थापन, धान का समर्थन मूल्य 3,358 रुपये प्रति क्विंटल करने सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन उप-विभागीय अधिकारी (एसडीएम) को सौंपा। ज्ञापन में प्रशासन को विस्तार से जानकारी भेजी गई और मामलों के संदर्भ में अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने अतिशीघ्र समाधान निकालने और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

15 दिनों की कार्रवाई पर टिकी नजरें

आंदोलन के 50वें दिन पूर्व विधायक लाभचंद बाफना का समर्थन और 15 दिनों का समय देना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। अब किसानों और क्षेत्रवासियों की नजरें प्रशासन, विद्युत विभाग और बैंक प्रबंधन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

किसान आंदोलन के समर्थन में भाजपा के 13 पदाधिकारियों व सदस्यों ने दिया इस्तीफा



धमधा। किसानों की मांगों को लेकर चल रही क्रमिक भूख हड़ताल के बीच धमधा क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। किसान समस्याओं का समाधान न होने से असंतोष व्यक्त करते हुए भाजपा समर्थकों ने त्यागपत्र दे दिया है। इस्तीफा देने वालों में भाजपा मंडल धमधा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष डॉ. हर्ष साहू सहित कई सक्रिय सदस्य शामिल हैं। इन्होंने अपने त्यागपत्र भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट को मोबाइल के माध्यम से भेजे हैं। इस्तीफा देने वाले सदस्यों ने किसान आंदोलन के प्रति जनप्रतिनिधियों की उपेक्षात्मक भूमिका पर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि क्षेत्र के भाजपा विधायक ईश्वर साहू के आंदोलन स्थल पर न पहुंचने और समस्याओं का हल न निकलने से वे आहत हैं। हालांकि सांसद विजय बघेल और पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने सहयोग का आश्वासन दिया था, परंतु धरातल पर ठोस कार्रवाई न होने से असंतोष गहरा गया है। त्यागपत्र देने वाले प्रमुख सदस्यों में डॉ. हर्ष साहू (अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भाजपा मंडल धमधा), तेजराम साहू (सक्रिय सदस्य), कमलेश जंघेल, भरत गिरी गोस्वामी, दुवासू साहू, नेतूराम साहू, भानुप्रताप साहू, लीलाराम, चेतन देवांगन, अनिल कुमार, दूजलाल, सावंत साहू एवं खेमगिरि गोस्वामी हैं।



सामाजिक सद्भावना यात्रा का किया स्वागत आपसी भाईचारे व संस्कारों का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

जिला साहू संघ दुर्ग द्वारा साहू सदन केलाबाड़ी, दुर्ग से 'सामाजिक सद्भावना यात्रा' का शुभारंभ किया गया। यात्रा का प्रथम पड़ाव पाटन तहसील के अरसनारा परिक्षेत्र में रहा। यहां ग्राम पतोरा एवं सेलूद में परिक्षेत्रीय व स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात सेलूद स्थित विश्राम गृह में आयोजित सभा में सामाजिक सद्भावना का संदेश दिया गया। स्वागत भाषण परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने दिया तथा आभार प्रदर्शन संतोष साहू ने किया। इस अवसर पर जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकता, सद्भाव बढ़ाना है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश महिला संयोजिका दिव्या कलिहारी, प्रदेश प्रचार सचिव सुनील साहू, तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जिला महासचिव अश्वनी साहू, मंजू साहू, कृष्णा साहू, गंगादीन साहू, दुलेश्वर साहू, सुरेन्द्र साहू, पूना राम साहू, कौशल बनपेला, विमला साहू, अर्जुन साहू, गोपेश साहू, शशिभूषण साहू, शालिक साहू, उषा साहू, ललेश्वरी साहू, ललिता साहू, तनुजा साहू, रवि साहू, खेमीन साहू, राकेश साहू, जितेंद्र साहू, लेखराम साहू, करण साहू, जागेत्री साहू, अमृत साहू, दिनेश साहू, शिवकुमार साहू, गिरीश साहू, राजकुमार साहू, प्रेमलाल साहू, बाबूलाल साहू, डॉ. हेमंत साहू, रघुनंदन साहू, यामन साहू, बसंत साहू, महेंद्र साहू, प्रेमलता साहू, सुकेश्वर साहू, मनोज साहू, रूपेंद्र साहू, कृष्ण कुमार, देवेंद्र साहू, प्रदीप बनपेला, खम्मन साहू, ओगी राम साहू, ढालसिंह साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। अरसनारा परिक्षेत्र के कार्यक्रम के पश्चात यात्रा जामगांव आर परिक्षेत्र के लिए प्रस्थान कर गई।

नवीन मतदाताओं को किया जागरूक



उतई। दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय, मचांदूर (जिला दुर्ग) में 'इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब' (निर्वाचन साक्षरता क्लब) तथा 'राष्ट्रीय सेवा योजना' (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम मचांदूर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) जयंती साहू तथा तिलेश्वरी गजपाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. संगीता मैहुरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बीएलओ जयंती साहू ने नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु 'प्रारूप-6' (फॉर्म 6) का वितरण किया। इस दौरान फॉर्म भरने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. संगीता मैहुरिया ने विद्यार्थियों को नए मतदाता के रूप में अपना नाम पंजीकृत कराकर आगामी निर्वाचनों में मतदान कर एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्य विकास कुमार, हितेंद्र कुमार वर्मा, छात्र प्रतिनिधि लच्छू पटेल (बी.कॉम. पंचम सत्र) सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

बच्चों को सुसंस्कृत व स्वरोजगार की ओर करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ दुर्ग के तत्वावधान में पाटन तहसील के पांचों परिक्षेत्रों में 'संस्कार सद्भावना यात्रा' निकाली गई। ग्राम पतोरा से आरंभ होकर सेलूद पहुंची यात्रा का विश्राम गृह में भव्य स्वागत किया गया।

विश्राम गृह में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि परिवार के भीतर बच्चों को सुसंस्कृत करने के साथ-साथ उन्हें व्यवसाय व स्वरोजगार की ओर प्रेरित करें। यात्रा जामगांव आर परिक्षेत्र से बेल्लारी परिक्षेत्र स्थित वृन्दा



देवी मंदिर परिसर पहुंची, जहां महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके उपरांत यात्रा तेलीगुण्डरा परिक्षेत्र के आनंद मठ कौही स्थित विशाल भक्त माता मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद जिलाध्यक्ष ने सामाजिक नियमावली के पालन का आह्वान किया। तत्पश्चात ठकुरानी टोला घाट शिव मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद झीठ परिक्षेत्र में यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में प्रमुख रूप से कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल साहू, मुख्य सलाहकार रमेश साहू, कोषाध्यक्ष दिग विजय साहू, कृष्ण कुमार साहू, सुनील साहू, महासचिव अश्वनी साहू, सुगम साहू, धनंजय साहू, दिव्या कलिहारी, लीलीश्वरी साहू, अधिवक्ता देवेन्द्र साहू, प्रशांत साहू, राकेश साहू, तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महेन्द्र साहू, अशोक कुमार साहू, दिनेश साहू, डुलेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

धान खरीदी का लक्ष्य समय पर पूरा करे राज्य सरकार : ढालेश साहू

उतई। छत्तीसगढ़ में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी



के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु राज्य सरकार को अभी से सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। किसान नेता एवं जनपद सदस्य ढालेश साहू ने कहा कि प्रस्तावित धान खरीदी अवधि 16 नवंबर 2026 से 31 जनवरी 2027 तक कुल 77 दिनों की है। इस दौरान शनिवार को खरीदी बंद रहने, रविवार तथा अन्य शासकीय अवकाशों को मिलाकर लगभग 27 दिन खरीदी कार्य प्रभावित रहेगा। ऐसे में मात्र 50 कार्यदिवसों में 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य अर्जित करना बेहद कठिन होगा। ढालेश साहू ने कहा कि धान खरीदी में विलंब या अव्यवस्था का सीधा दुष्प्रभाव कृषकों पर पड़ता है।

भाजपा किसान मोर्चा मुरमुंदा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

ओखरा/मुरमुंदा। भारतीय जनता पार्टी मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष जयराम धीवर ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक चंद्र ठाकुर, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी रामजी भारती की सहमति एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन तथा जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा दीपक यादव के निर्देशानुसार यह घोषणा की गई है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष भूपेंद्र मढरिया (लिमतरा), रूपनारायण बंछोर (नंदौरी), देवानंद वर्मा (अछोटी) एवं धर्मेंद्र साहू (मुरमुंदा) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं महामंत्री पद की कमान झालाराम मढरिया (लिमतरा) और भोजेश्वर साहू (अकोला) को दी गई है। इसके साथ ही मंत्री पद के लिए ओंकार निषाद (ढोर-लहंगा), कोमल साहू (मलपुरी-खुर्द), रोहित साहू (मुर्रा) व टीकाराम यादव (खेरधी) तथा कोषाध्यक्ष पद पर ठाकुर राम साहू (खेरधा) और सह-कोषाध्यक्ष के रूप में रज्जू मढरिया (चेटुवा) को नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी का दायित्व हेमंत कुमार यादव (खेरधी) और सह-प्रभारी का कन्हैया निषाद (करहीडीह) को मिला है, जबकि प्रचार-प्रसार मंत्री परमानंद यादव (मलपुरी-खुर्द) एवं सह-मंत्री नारायण प्रसाद दिवाकर (लहंगा-डूमर) बनाए गए हैं। इस कार्यकारिणी में अजय साव, आशीष जांगड़े, पवन साहू, रोशन यादव, प्रभुदयाल यादव, रविशंकर सोनके, कोमल पटेल, होरीलाल गायकवाड़, भरत लाल साहू, दीनदयाल साहू, लोचन साहू, कृष्ण कुमार धनकर, सुरेश कुमार कोठारी, नवीन यादव व गोविंदा पटेल को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य तथा सांसद विजय बघेल, विधायकद्वय डोमनलाल कोर्सेवाड़ा व रिकेश सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

■ झालाराम मढ़रिया और भोजेश्वर साहू बने महामंत्री



सशिमं जामगांव में आज से डिजिटल कक्षाओं में एक्सपर्ट्स देंगे शिक्षा

जामगांव आर। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विभाग समन्वयक हरिश्चन्द्र साहू ने मंगलवार को विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं में अध्यापन कार्य करने के साथ ही एआई कक्षा में आचार्य-दीदियों को प्रभावी मार्गदर्शन दिया।विभाग समन्वयक ने बताया कि 28 अक्टूबर 2026 से विद्यालय की डिजिटल कक्षा में विभिन्न स्थानों से विषय विशेषज्ञ (एक्सपर्ट्स) विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे। 40 मिनट के निर्धारित कालखंड वाली इन डिजिटल कक्षाओं में फिलहाल 10वीं और 12वीं बोर्ड कक्षाओं के विषयों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। विद्यालय के व्यवस्थापक एके जैन ने बताया कि डिजिटल शिक्षा के इस नवाचार से शासकीय विद्यालयों के टॉप-5 मेधावी छात्र भी प्राचार्यों के माध्यम से संपर्क कर लाभ उठा सकेंगे। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि विद्यालय शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के साथ तकनीकी क्रांति के इस दौर में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।





संगठन की मजबूती ही मुख्य ध्येय : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संचालित 'संगठन सृजन अभियान' के तहत प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तिरगा, थानौद, भरदा, गनियारी एवं कोटनी सेक्टर समितियों की संगठनात्मक बैठकों में भाग लिया।

बैठक में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करते हुए साहू ने कहा कि सेक्टर समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के विचारों और नेतृत्व को बल देने के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से धरातल पर सक्रिय होना होगा। पूर्व गृहमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा - रकागजी या केवल प्रदर्शनकारी कार्यकर्ता नहीं चाहिए। धरातल पर उतरकर कार्य करें, नेता बनने के बजाय सच्चे कार्यकर्ता की भांति भूमिका निभाएं। उन्होंने नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रिवेन्द्र यादव ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के कार्यों एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला।



■ राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने में अभी से जुटें कार्यकर्ता, किया आह्वान

बैठक में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व मंडी निदेशक तारकेश्वर चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार साहू, सरपंच (तिरगा) घसिया राम, बाबू लाल देशमुख, जनपद सदस्य दामिनी साहू, रमेश साहू, जीवन सिन्हा, लाल जी गुप्ता, पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, पूर्व सरपंच मीना सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष देवराज चतुर्वेदी, मोहन हरमुख, विशाल देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य हरेन्द्र देव, हिंछा राम पारकर, धनेश देशमुख, हेमंत देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

आगामी निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की कार्रवाई की जाएगी।
नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में दर्ज नहीं है, अथवा नाम, पता या अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है, तो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक सुधार कराने हेतु आवेदन करें। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। अतः सभी नागरिकों से आग्रह है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि आगामी निकाय चुनाव में कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, शिफ्टिंग या विलोपन हेतु बूथ लेवल ऑफिसर (बी एल ओ) या अधिकृत अधिकारियों से संपर्क करें।

ब्लास्ट फर्नेस में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान



भिलाई। बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति सजगता करने के लिए छह-माही सर्वोत्तम सुरक्षा, अनमोल सुरक्षा और सुरक्षा दक्ष पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य महाप्रबंधक विवेक वर्मा ने विभिन्न श्रेणियों में 30 ठेका श्रमिकों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि ठेका श्रमिक संयंत्र की उत्पादन गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उत्पादन कार्यों के सुचारु संचालन के साथ कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में सुरक्षा जागरुकता के लिएलाइन ऑफ फायर से जुड़े जोखिमों से बचाव, असुरक्षित परिस्थितियों एवं असुरक्षित कार्यों की पहचान, कार्यस्थल पर बेहतर हाउसकीपिंग तथा सुरक्षित एवं दक्षतापूर्वक कार्य निष्पादन जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं महाप्रबंधक विकास नशीने, नवीन तिवारी, विनीत जौहरी, के. एसएनआर रमेश तथा सहायक महाप्रबंधक हेमंत वर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का उद्घाटन आज

दुर्ग। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 का उद्घाटन समारोह 28 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे भिलाई विद्यालय प्रांगण, सेक्टर-2, भिलाई में होगा। प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे और नेटबॉल के विभिन्न वर्गों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में कराटे के बालक एवं बालिका वर्ग में 14, 17 और 19 वर्ष आयु समूह के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं नेटबॉल में बालक एवं बालिका वर्ग के 17 वर्ष आयु समूह के मुकाबले होंगे। उद्घाटन समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि होंगे।

सच के मार्ग पर ही चलकर ही देश और समाज का होगा सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सत्य और ईमानदारी के संस्कार बचपन में ही मिलते हैं। इस अनुशासन और राष्ट्रप्रेम से ही देश का चहुंमुखी विकास और नवनिर्माण होगा। इस विचार और भाव के साथ आज जब स्कूली विद्यार्थियों ने अपनी बेबाक अभिव्यक्ति दी तो सभी ने उनकी हौसलाआफजायी की।

भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 सतकर्ता जागरुकता विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। सतकर्ता जागरुकता सप्ताह के तहत आयजोन में में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया । प्रतियोगिता का विषय सत्यनिष्ठा, समृद्धि की एक अनिवार्य शर्त है रहा। इसमें भिलाई और आसपास के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी वैचारिक सहभागिता दिखाई।

प्रतिभागी विद्यार्थियों ने कहा कि यदि हमें अपने देश को भ्रष्टाचार के दीमक से बचाना है तो सत्य और ईमानदारी की राह पर न सिर्फ हमे स्वयं चलना होगा बल्कि इसके लिए सभी को प्रेरित भी करना होगा। इसके लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरुरत है। पूर्व में उप महाप्रबंधक अंशुमन सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं अतिथियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया।

बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल से. 7 में सतर्कता जागरुकता वाद-विवाद प्रतियोगिता



हिंदी व अंग्रेजी में बच्चों की दिखी तार्किक क्षमता

प्रतियोगिता हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने सत्यनिष्ठा, नैतिकता, पारदर्शिता और समृद्धि के बीच संबंधों पर विचारोत्तेजक तर्कों के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति एवं तार्किक क्षमता का परिचय दिया। विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में महाप्रबंधक आलोक गोयल, उप महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा थीं। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा व विचारों की सराहना की। इस अवसर पर बीएसपी के शिक्षा विभाग के वरिष्ठ शिक्षक, प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षकग तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ईएमएसएस स्कूल, सेक्टर-7 की वरिष्ठ व्याख्याता नमिता देशपांडे और नवनीत शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सतर्कता सप्ताह के कलामंदिर में आयोजित समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

बीएसपी ने मकान खाली करने दिया है नोटिस, पसंद नहीं आ रहे वैकल्पिक आवास

टाउनशिप के सेक्टर 6 में डेढ़ सौ बीएसपी लीजधारी अधर में लटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप की सबसे बड़ी और पुरानी कालोनी सेक्टर 6 के लीजधारी अधर में लटके हुए हैं। अधिकतर सेवानिवृत्त आवासधारियों को बीएसपी के वैकल्पिक आवास पसंद नहीं आ रहे हैं। जर्जर ब्लाकों के बीच रहे रहे डेढ़ सौ रहवासियों आवास खाली करने का नोटिस मिला है। इससे उनकी चिंता बढ़ रही है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 से 2005 तक पांच फेस में लीज स्कीम के तहत इच्छुक बीएसपी कर्मियों व सेवानिर्त्तों को टाउनशिप में आवास लीज पर दिए गऐ थे। विभिन्न सेक्टरों में 45 सौ बीएसपी क्वार्टर प्रबंधन द्वारा दो लाख से पांच लाख रुपए तक में दिए गए थे। इनमें सेक्टर 6 में डेढ़ सौ रिटायर कर्मियों न आवास खरीदे थे। इस दौरान आवासीय नीति में बदलाव के तहत रिटेंशन स्कीम समाप्त करने के साथ लायसेंसी आवासों का भी रिनुअल बंद कर दिया गया है। वहीं सेक्टर 6 के अनफिट आवासीय ब्लाकों को डिस्मेंटल किया जा रहा है। इन जर्जर और अनफिट ब्लाकों में डेढ़ सौ लीजधारी भी पिछले बीस पच्चीस साल से निवास कर रहे हैं। प्रभावित लीजधारियों के मुताबिक प्रबंधन द्वारा उन्हें आवास खाली करने और रिसाली सेक्टर में अन्य वैकल्पिक क्वार्टर चयन करने संबंधी नोटिस दिया गया है। लेकिन अधिकतर लीजधारियों को वैकल्पिक आवास रास नहीं आ रहे हैं और उन्होंने अब तक सेक्टर 6 के मकान खाली नहीं किए हैं। लीजधारियों के मुताबिक रिसाली सेक्टर के आवास सेक्टर 6 की तुलना में कमतर हैं।

रिसाली सेक्टर के ऊपरी माले के आवासों का प्रस्ताव बता रहे घाटे का सौदा



सेक्टर 6 में अधिकतर रहवासी रह रहे नीचे के क्वार्टर में

सेक्टर 6 के लीजधारियों को रिसाली के वैकल्पि आवास कई दृष्टि से घाटे का सौदा साबित होंगे। प्रभावित आवासधारियों के मुताबिक बीस बाईस साल पूर्व सेक्टर 6 में आवंटित उनके मकान ग्राउंट फ्लोर पर होने के साथ आसपास खाली जमीन भी उन्होंने खरीदी थी। चालीस,पचास साल पुराने अपने आवासों को अतिरिक्त कमरों का निर्माण कर उन्होंने विस्तार कर रिनोवेट भी कर लिया था। कुछ ने सामने किचन गार्डन भी बना लिए। इसमें जिंदगी की जमापूंजी लग गई। लेकिन रिसाली में दिए जा रहे आवास ऊपर फ्लोर पर होने के साथ छोटे भी हैं। इनमें आर्थिक नुकसान होने के साथ परिवार का गुजारा मुश्किल होगा। लीजधारी अब बड़े और अच्छे मकान चाह रहे हैं। इसके चलते अधिकतर ने अब तक सेक्टर 6 के मकान खाली नहीं किए हैं। नोटिस की अंतिम तारीख निकट आ रही है। यहां बीएसपी द्वारा अन्य अनफिट और जर्जर ब्लाकों को सुरक्षा की दृष्टि व नए मकान बनवाने के लिए बुलडोजर से जमींदोज किए जाने का अभियान भी चल रहा है। इससे उनकी चिंता बढ़ रही है।

मिल सकते हैं बड़े आकार के मकान

सेक्टर 6 में डेढ़ सौ लीजधारियों में बहुत कम लोगों ने रिसाली सेक्टर में शिफ्ट किया है। या फिर यहां जाने मकान का चयन किया है। रिसाली शिफ्टिंग करने वाले आवासधारियों में वे ही शामिल हैं जो सेक्टर 6 में तीसरे व दूसरे माले मे रह रहे थे। सूत्रों के मुताबिक ऐसे लोगों को रिसाली जाना नुकसानदेह नहीं है। लेकिन सेक्टर 6 के प्रथम तल में निवास करने वालों को रिसाली में ऊपर के मकान अव्यावहारिक लग रहे हैं। बताते हैं कि अब बीएसपी प्रभावितों के कुछ बड़े आकार के मकान यानी एनक्यू-3 टाइप मकान का विकल्प चुनने का प्रस्ताव आगे दे सकती है। बहरहाल अब तक कोई ऐसा सर्कुलर जारी नही हुआ है।

जेएलएनएच आरसी में महिला ठेका श्रमिकों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



सेक्टर 9 हास्पिटल में मेडिकल एचआर विभाग द्वारा महिला ठेका श्रमिकों के लिए जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी

- वेतन संहिता के साथ सुरक्षा की दी गई जानकारी

डां. उदय कुमार ने उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन एवं रखरखाव में ठेका श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके कल्याण, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

महाप्रबंधक संजय शर्मा ने कहा कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन कार्यबल के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, सुरक्षा एवं पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक शीबा थॉमस कार्यक्रम का संचालन ने किया।

सहायक महाप्रबंधक जया रॉय ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम के प्रावधानों पर जानकारी दी। आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर प्रकाश डाला।

सामाजिक सुरक्षा पर भी किया जागरूक

सहायक प्रबंधक डॉ. उपेंद्र शर्मा ने नए वेतन संहिता प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए न्यूनतम वेतन, समान पारिश्रमिक एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित पात्रताओं और अधिकारों पर बताया। विभागाध्यक्ष डॉ. माला चौधरी ने संक्रमण नियंत्रण के लिएजैव-चिकित्सीय अपशिष्ट के उचित पृथक्करण एवं निस्तारण से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। सत्रों के दौरान प्रश्नोत्तर एवं व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

दलदल में फंसी भैंस, घंटों मशक्कत कर बचाई जान



भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में एक भैंस के गहरे दलदल में फंस जाने की घटना सामने आई। दलदल में फंसी भैंस को बाहर निकालने के लिए नगर निगम की टीम ने तत्परता दिखाते हुए राहत एवं बचाव कार्य किया। काफी मशक्कत और प्रयासों के बाद निगम की टीम ने भैंस को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की। कोसानाला क्षेत्र में भैंस खटाल संचालित करने वाले मुकुल की रानी नामक भैंस अचानक गहरे दलदल में फंस गई थी। दलदल इतना गहरा था कि भैंस अपने आप बाहर नहीं निकल पा रही थी। ऐसी स्थिति में भैंस की जान को खतरा बना हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर भैंस को बाहर निकालने के लिए बचाव कार्य प्रारंभ किया। निगम की टीम ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत करते हुए सावधानीपूर्वक भैंस को दलदल से बाहर निकाला।

ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान नियम तोड़ने वालों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सिविक सेंटर क्षेत्र में अवैध रूप से ठेला-गुमटी लगाकर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ नगर पालिक निगम भिलाई ने अभियान चलाया। सोमवार को की गई इस कार्रवाई में नियमों का उल्लंघन करने वाले चार

- चाय, मोमोज, कॉफी और फास्ट फूड की दुकानों पर की गई कार्रवाई

दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान चाय, मोमोज, कॉफी, फास्ट फूड और अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले ठेला-गुमटी संचालकों की जांच की गई। निगम की टीम ने नियमों के विपरीत व्यवसाय संचालित करने वाले दुकानदारों को अवैध रूप से लगाई गई दुकानों को हटाने की समझाइश दी। साथ ही क्षेत्र में व्यवस्थित और नियमानुसार व्यवसाय करने के निर्देश दिए। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से दुकानें संचालित करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान का उद्देश्य सिविक सेंटर क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखना और सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना है। कार्रवाई के दौरान जोन 5 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रह्लाद लहरे, गणित बघेल और प्रकाश महिलवार मौजूद थे। पुलिस विभाग की ओर से जनकराम कुर्रे, दिनेश देशमुख और राहुल सोनी सहित अन्य कर्मचारी भी अभियान में शामिल हुए।



रेलवे के पांच साल पुराने चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



रेलवे की संपत्ति को चोरी करने वाले पांच साल पुराने दो मामले में दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रेलवे पुलिस ने बताया कि बालोद निवासी केवल सिंह हलवा और नरेन्द्र उर्फ कन्नू बन गोस्वामी को दल्लीराजहरा से गिरफ्तार किया है। रेल संपत्ति चोरी को लेकर विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अस्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वारंट की तामील के लिए दुर्ग आरपीएफ पोस्ट प्रभारी के निर्देश में टीम बनाई गई थी।

टीम में सहायक उप निरीक्षक निरंजन, आरक्षक एचआर सैनी,आरक्षक एसआर मीना शामिल थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के गांव में तलाशना शुरू किया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर में पेश किया। आरपीएफ दुर्ग के मुताबिक पुराने मामलों में न्यायालय से जारी वारंट की तामील के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पिछले एक साल में वारंट के आधार पर कुल 32 आरोपियों की अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है।

त्योहार पर ट्रैफिक स्थिति व्यवस्थित करने की कार्रवाई

नंदिनी नगर रोड किनारे अवैध गुमटी, ठेले और खोमचे पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बड़े स्तर पर अभियान चलाया गया।

निगम आयुक्त सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान के तहत सड़क किनारे अवैध रूप से गुमटी, ठेले, खुमचे लगाकर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। वहीं सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर भी यातायात पुलिस द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई। नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सड़क मार्गों का निरीक्षण करते हुए आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले अवैध कब्जों को हटाया गया।



सड़क किनारे खड़े किए वाहन हुए जब्त

कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे रखी गई गुमटियों, ठेलों एवं खुमचों को निगम के जेसीबी वाहन की सहायता से हटाकर डम्पर में लोड किया गया। वहीं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों को यातायात पुलिस द्वारा जब्त किया गया। संयुक्त टीम की इस कार्रवाई से सड़क मार्गों पर आवागमन के लिए बाधा उत्पन्न करने वाले अवैध कब्जों को हटाने में मदद मिली। नगर निगम भिलाई द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के प्रमुख सड़क मार्गों, चौक-चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे अवैध रूप से गुमटी, ठेले और खुमचे लगाए जाने के कारण आम नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर सड़क का हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में आने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है तथा यातायात जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वाले नागरिकों को भी असुविधा होती है।

प्रशासन की अपील अवैध कब्जा न करें

नगर निगम प्रशासन ने दुकानदारों, ठेला एवं गुमटी संचालकों तथा वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क मार्गों एवं सार्वजनिक आवागमन वाले स्थानों पर अवैध कब्जा न करें। वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए शहर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा सड़क मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रखी जाएगी।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



रामलला के जन्मोत्सव पर भाव ...

लाइव इवेंट

भरतनाट्यम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देशभर के प्रतिभागियों के बीच आद्या ने हासिल किया प्रथम स्थान



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चेंट मिल में कार्यरत दिनेश पांडे की बेटी आद्या पांडे ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए भिलाई और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय नर्तक संघ एआईडीए के मालाबार गोल्ड नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार एवं नृत्यानंदलहरी महोत्सव में आद्या ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रश्नोत्तरी सत्र में दिए गए सटीक जवाबों के आधार पर उनका चयन प्रतिष्ठित नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए हुआ है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार तथा नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय, दुर्ग के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में देश-विदेश के एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महोत्सव के दसवें दिन शास्त्रीय नृत्य, संगीत और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। निर्णायक मंडल में केरल की मालिका पैनिकर, दिल्ली की ऋचा गुप्ता सहित अन्य प्रतिष्ठित कला विशेषज्ञ शामिल रहे। 17 वर्षीय आद्या वर्तमान में दिल्ली पब्लिक स्कूल डीपीएस भिलाई में कक्षा 12वीं की छात्रा और विद्यालय की हेड गर्ल हैं। वे कई बार दिल्ली में विद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। अब तक 29 राष्ट्रीय और एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान हासिल कर चुकी आद्या को छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा चयनित किया गया है। उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। आद्या ने चक्रधर समारोह, भोरमदेव महोत्सव और राज्योत्सव में भी अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। वे नृत्यति कलाक्षेत्रम संस्था में नियमित नृत्य साधना करती हैं। चार वर्ष की उम्र से देश के जाने-माने नृत्य गुरु एवं नृत्य चूड़ामणि सम्मान से अलंकृत डॉ. जी. रतीश बाबू से भरतनाट्यम का प्रशिक्षण ले रही आद्या को नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा, नृत्य श्रेष्ठ और नृत्य गौरव जैसे अलंकरण भी मिल चुके हैं। उनकी माता सोनिया पांडे गृहिणी हैं।



लाइव इवेंट

निरंकारी समागम में दुर्ग-भिलाई के श्रद्धालुओं ने दी छतीसगढ़ी भक्ति गीत की प्रस्तुति, मिली सराहना



भिलाई। जागरूकता केवल बाहरी सजगता तक सीमित नहीं, बल्कि विचारों, व्यवहार और भावनाओं में भी चेतन रहना आवश्यक है। इसी आध्यात्मिक संदेश का आह्वान करते हुए निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के दूसरे दिन उपस्थित विशाल मानव परिवार को संबोधित किया। इस चार दिवसीय सन्त समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु एवं भक्त एकत्रित हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश से हजारों श्रद्धालु इस समागम में शामिल हुए है वही दुर्ग-भिलाई से संयोजक सतपाल सिंह सैनी के नेतृत्व में 500 से अधिक श्रद्धालुओं का दल इस आध्यत्मिक मेले में शामिल हुआ है। विभिन्न भाषाओं एवं संस्कृतियों से सम्मिलित इस विशाल मानव परिवार का प्रेमपूर्ण मिलन सौहार्द, सद्भावना और विश्वबंधुत्व की अनुपम छवि प्रस्तुत कर रहा है। ब्रांच दुर्ग-भिलाई के राजकुमार और निशा निर्मलकर की टीम ने छतीसगढ़ की परंपरा को दर्शाते हुए छतीसगढ़ भाषा मे एक भक्ति रचना की प्रस्तुति दी। लाखों की दर्शक दीर्घा में सभी ने छतीसगढ़ी रचना को सराहा। सतपाल सैनी ने बताया कि दुर्ग भिलाई के सेवादल प्रकाशन विभाग और प्याऊ में अपनी सेवाएं निरंतर दे रहे है। सतगुरु माता ने आध्यात्मिक जागृति के वास्तविक भाव को स्पष्ट करते हुए कहा कि जागरूकता केवल बाहरी सजगता तक सीमित नहीं, बल्कि विचारों, व्यवहार और भावनाओं में भी चेतन रहना आवश्यक है। सहायक जनसंपर्क अधिकारी शंकर सचदेव और संजीत चक्रवर्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि संत समागम में आधुनिक तकनीक, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों से सुसज्जित निरंकारी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बनी हुई है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विभिन्न आयु वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसे तीन प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है।



● सजीं दुकानें, दमकने को तैयार चेहरे, करवा चौथ की खरीदारी से बाजारों में बढ़ी रौनक

करवाचौथ पर पटोला और अजरक प्रिंट साड़ियों से लेकर डेकोरेटेड करवे की डिमांड, मेकअप और मेंहदी के लिए हो रही प्री-बुकिंग

भिलाई। सुहाग की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ मनाए जाने वाले करवा चौथ को लेकर महिलाओं की तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए दुर्ग-भिलाई के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। कपड़ों की दुकानों पर साड़ियों और पारंपरिक परिधानों की खरीदारी हो रही है, तो पूजा सामग्री की दुकानों पर करवा, छलनी और सजी हुई पूजा थालियां महिलाओं को आकर्षित कर रही हैं। पर्व की तैयारियों में सौंदर्य का रंग भरने के लिए ब्यूटी पार्लरों में भी पहले से बुकिंग कराई जा रही है। फैशन डिजाइनर प्रभा गुप्ता ने बताया कि इस बार पटोला और अजरक प्रिंट की साडियों की काफी डिमांड है। साथ ही नई साड़ी के साथ मैचिंग चूड़ियां और आभूषण पसंद किए जा रहे हैं। बाजारों में पर्व की खुशियां दिखाई दे रही है।



साड़ी से मैचिंग चूड़ियों तक की पसंद

सेक्टर 7 संस्कार बुटिक की संचालिका प्रभा गुप्ता ने बताया कि करवा चौथ पर पारंपरिक परिधानों का विशेष महत्व रहता है। इस बार भी महिलाएं पिस्ता, लाल, गुलाबी, मैरून और अन्य आकर्षक रंगों की साड़ियों के साथ लहंगा, सूट और डिजाइनर परिधानों को पसंद कर रही हैं। साड़ी के साथ मैचिंग चूड़ियां, बिंदी, आभूषण और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी भी की जा रही है। बजट के अनुसार सामान्य साड़ियों से लेकर पटोला, अजरक प्रिंट, कढ़ाई और डिजाइन वाली महंगी साड़ियों तक विकल्प मौजूद हैं। जो कि हजार से शुरु होकर 5000 तक भी खूब बिक रहे है।

सजावटी करवे और पूजा थालियों की मांग



शारदा जनरल स्टोर पावरहउस के संचालक नीतेश कुमार दुलेकर ने बताया कि पूजा सामग्री की दुकानों पर मिट्टी के करवे, छलनी, दीपक, रोली, चावल, कलश और पूजा थालियां उपलब्ध हैं। सामान्य करवे के साथ रंग-बिरंगे डिजाइन, सुनहरी सजावट, मोतियों और चमकीली सामग्री से सजे करवे भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बाजार में तैयार पूजा थालियां भी मिल रही हैं, जिनमें पूजा की जरूरी सामग्री को करीने से सजाया गया है। महिलाएं अपनी पसंद और बजट के अनुसार सादा या सजावटी सामान चुन रही हैं। करवे और छलनी के साथ मिठाइयों, पूजा में उपयोग होने वाली सामग्री तथा श्रृंगार के छोटे सामान की खरीदारी भी की जा रही है।

पार्लरों में पहले से तय हो रहा समय

पर्व पर आकर्षक दिखने की तैयारी भी कम नहीं है। नेहरु नगर रोजलीना सेलून की संचालिका रीना सिंह ने बताया की त्यौहारों के लिए ब्यूटी पार्लरों में मेकअप, हेयर स्टाइल, फेशियल और अन्य सौंदर्य सेवाओं के लिए महिलाएं पहले से समय ले रही हैं। मैनीक्योर और पेडीक्योर जैसी सेवाओं की बुकिंग भी कराई जा रही है, ताकि पर्व के दिन अंतिम समय में इंतजार न करना पड़े। कई महिलाएं मेहंदी लगवाने की तैयारी भी कर रही हैं। सजने-संवरने के लिए उपलब्ध सेवाओं और पैकेज के अनुसार खर्च अलग-अलग है। ऐसे में महिलाएं अपनी जरूरत, पसंद और बजट को ध्यान में रखकर सेवाएं चुन रही हैं।



बजट के हिसाब से खरीदारी के विकल्प

करवा चौथ की खरीदारी में कीमतों का अंतर भी नजर आ रहा है। सामान्य मिट्टी का करवा लगभग 30 से 50 रुपये, जबकि सजावटी करवा करीब 80 से 250 रुपये का भी है। साधारण छलनी लगभग 20 से 50 रुपये और सजी हुई छलनी 50 से 150 रुपये और पूजा थाली की कीमत सजावट और उसमें शामिल सामग्री के अनुसार लगभग 100 से 500 रुपये है।

चांद के दीदार के साथ खुलेगा व्रत

करवा चौथ पर महिलाएं सूर्योदय से चंद्रोदय तक व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा करेंगी। पंचांग गणना के अनुसार चतुर्थी तिथि 29 अक्टूबर को रात लगभग 10 बजकर 9 बजे तक रहेगी। पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5.38 से 6.56 बजे तक बताया गया है। चंद्रोदय का समय रात 8.17 बजे है, हालांकि स्थान के अनुसार इसमें कुछ मिनट का अंतर हो सकता है। महिलाएं छलनी से चंद्रमा और फिर पति का चेहरा देखकर अर्घ्य अर्पित करेंगी और इसके बाद व्रत खोलेंगी।



भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने ली शपथ

भिलाई। रिसाली स्थित सीमा सुरक्षा बल के सामरिक मुख्यालय, महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल विशेष-संक्रिया, छत्तीसगढ़ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलने वाले इस सप्ताह के अंतर्गत भ्रष्टाचार उन्मूलन, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम में महानिरीक्षक संजय पंत ने मुख्यालय में उपस्थित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी कार्मिकों को संगठन की प्रतिष्ठा और विकास के प्रति सजग रहते हुए सामूहिक प्रयासों से उसे गौरवशाली बनाने के लिए प्रेरित किया। महानिरीक्षक संजय पंत ने कहा कि प्रत्येक कार्मिक को अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ करना चाहिए। संगठन की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कार्मिकों से भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने और अपने आचरण से ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने भ्रष्टाचार मुक्त कार्यप्रणाली अपनाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता और राष्ट्रसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ हुआ।

भारती विश्वविद्यालय एनसीसी प्रकोष्ठ ने निकाली जागरूकता रैली

दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के एनसीसी प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर तथा संलग्न क्षेत्र में विकास भी, विरासत भी विषय के अंतर्गत छत्तीसगढ़ आर एंड वी रेजिमेंट एनसीसी, अंजोरा के निर्देशानुसार जागरूकता रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स और एसोसिएट एनसीसी आफिसर्स ने भाग लिया। इस माध्यम से गैर-शिक्षण कर्मचारियों को भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, साझा विरासत और नागरिक के दायित्व की अहमियत का संदेश दिया गया साथ ही एनसीसी कैडेट्स को विश्वविद्यालय समुदाय से जुड़ने का अवसर दिया। एनसीसी प्रभारी डॉ. आस्था चतुर्वेदी ने रैली के प्रतिभागियों, विश्वविद्यालय प्रबंधन तथा आयोजन में योगदानकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



कार्नर न्यूज

कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम सेक्टर 1 में हुआ आयोजन

फिल्मी गीतों और भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने बांधा समां, वरिष्ठजनों को किया सम्मानित

भिलाई। गीत-संगीत की मधुर प्रस्तुतियां, समाज की प्रतिभाओं को मंच और जीवन के 60 वर्ष पूरे कर चुके वरिष्ठजनों का आत्मीय सम्मान। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच, मानव आश्रम सेक्टर-1, भिलाई-दुर्ग में आयोजित शरद पूर्णिमा कार्यक्रम में सामाजिक एकजुटता और आपसी अपनत्व की सुंदर झलक देखने मिली। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने भजन, कविताओं और फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांधा। वहीं, वरिष्ठजनों को स्मृति चिह्न, शाल, श्रीफल, जनेऊ, तुलसी माला और सुंदरकांड जैसी पारंपरिक सामाग्री भेंटकर उनके योगदान के प्रति सम्मान प्रकट किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी अध्यक्ष संतोष दीक्षित, श्यामा कांत शुक्ल, विनोदी पांडेय एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन में समाज के सदस्यों को अपनी गायन प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने भवन परिसर को मधुर स्वर लहरियों से गुंजायमान कर दिया। उपस्थित सदस्यों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।



60 वर्ष पूरे करने वाले सदस्यों का सम्मान

समाज की परंपरा के अनुसार जीवन के 60 वर्ष पूरे करने वाले सदस्यों को आत्मीयता के साथ सम्मानित किया गया। इनमें शिखा तिवारी, नीरज कुमार शुक्ला, राजकुमार मिश्र, प्रदीप तिवारी, नरेंद्र कुमार त्रिपाठी और रत्नमाला तिवारी शामिल रहे। सभी को स्मृति चिह्न, शाल, श्रीफल, जनेऊ, तुलसी माला और सुंदरकांड भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने उनके सुखद, स्वस्थ और सक्रिय जीवन की कामना की।

सम्मान करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष संतोष दीक्षित, उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला, संगठन सचिव बीके द्विवेदी, भवन भंडारण सचिव विजय तिवारी, श्रवण कुमार शुक्ल, सांस्कृतिक सचिव राकेश शुक्ल कनिष्ठ, पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा, राजेश मिश्रा, ममता अवस्थी, ज्योति तिवारी, रमा अग्निहोत्री और राकेश कुमार शुक्ल वरिष्ठ शामिल रहे।

80 वर्ष पूरे करने वाले वरिष्ठजनों का अभिनंदन

कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध सदस्यों के प्रति विशेष सम्मान व्यक्त किया गया। 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके श्यामा कांत शुक्ल, विनोदनी पांडेय और प्रदीप तिवारी की माताजी का आत्मीय स्वागत किया गया।





सिटी इवेंट

सम्मानित किए गए देहदानी, 450 से अधिक अंगदान व देहदान का संकल्प



भिलाई। मानवता की रक्षा और जन-जागरूकता को समर्पित सर्वधर्म सेवा संस्था ने सोमवार को सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू अनुसंधान केंद्र एवं चिकित्सालय में एक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार धाबर्डे और बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के पूर्व महासचिव परविंदर सिंह ग्रेवाल की विशेष उपस्थिति में, अंगदान और देहदान का संकल्प लेने वाले 450 से अधिक महादानियों को फूल-माला, सम्मान-पत्र एवं डोनर कार्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रतीक भोई और महासचिव राकेश रत्नाकर सहित कई गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। समारोह के दौरान जी.वी. शेषाद्री, जी. पद्मा, एम. मल्लिकार्जुन, वरालक्ष्मी, ऐ.वी. रमन्ना, मुरली कृष्ण, छवि लाल गुप्ता, गायत्री डोटे, मेहतरीन बाई सूर्यवंशी, सहस राम साहू देहदान, हिमा देवांगन अंगदान और घनश्याम पांडे नेत्रदान जैसे प्रमुख महादानियों को उनके मानवीय और प्रेरणादायक निर्णय के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सर्वधर्म सेवा संस्था अब तक लगभग 450 से अधिक संकल्प करा चुकी है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज से भ्रांतियों को दूर कर लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना है। साथ ही, संस्था लंबे समय से यह मांग कर रही है कि इन महादानियों को मरणोपरांत राजकीय सम्मान दिया जाए, जिसे लेकर हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भी निवेदन किया गया है। आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए संस्था ने घोषणा की है कि 1 नवंबर से 27 नवंबर अंगदान जागरूकता दिवस तक अध्यक्ष प्रतीक भोई के नेतृत्व में एक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों से चलने वाले इस अभियान का समापन एक कार्यक्रम के साथ होगा, जिसका उद्देश्य लाखों लोगों तक अंगदान का संदेश पहुंचाना है। संस्था ने प्रदेश के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़कर जीवन बचाने के इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता देने को कहा है।

सिटी लाइव

पठनवीर के विजेताओं से संवाद कर किया सम्मानित



भिलाई। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य पी.सी. मरकले की शासकीय सेवा के पूर्ण होने और सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया गया। इस दौरान उपस्थित विशिष्ट वक्ताओं ने मरकले के उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों, शैक्षिक नवाचारों और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। समारोह का एक मुख्य आकर्षण प्राचार्य मरकले की देखरेख में शुरू किया गया महत्वाकांक्षी नवाचार पठनवीर रहा, जो मुख्य रूप से अंग्रेजी भाषा के पठन कौशल पर आधारित था। इसकी जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई थी। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित किया गया, जिन्होंने बेबाकी से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए और अपने अनुभव साझा किए। जानकारी दी गई कि 'पठनवीर' अभियान में न केवल अंग्रेजी पठन कौशल का विकास शामिल था, बल्कि तार्किक क्षमता मैथ्स लॉजिक, त्वरित गणना और सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्न मंच क्विज भी इसका हिस्सा था। इस दौरान प्राचार्य मरकले ने इन बच्चों को सम्मानित करते हुए अपनी खुशियां परिजनों और अति विशिष्ट अतिथियों के साथ बांटी। इस विशेष अवसर पर श्री मरकले के सेवाकाल से जुड़े बिलासपुर, कांकेर, राजनांदगांव और दुर्ग सहित अन्य जिलों से विशिष्टजन उपस्थित रहे। इनमें संयुक्त संचालक के.के. राव, जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. धीर, बेमेतरा के जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक आर.आर.एल. ठाकुर, डाइट की पूर्व प्राचार्य, श्रीमती पशीने, डॉ. रजनी नेल्सन, सहायक संचालक डॉ. पुष्पा पुरुषोत्तमन और नोडल आफिसर सत्येंद्र शर्मा सहित अधिकारियों ने प्राचार्य मरकले के व्यक्तित्व और उनके कृतित्व पर व प्रकाश डाला। इस अवसर पर डाइट स्टाफ सदस्य डॉ शिशिरकना भट्टाचार्य, डॉ नीलम दुबे, डॉ वंदना सिंह आदि का सहयोग रहा।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था की प्रांतीय प्रबंधकारिणी गठित



भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था की वार्षिक आमसभा में नई प्रांतीय प्रबंधकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। निर्वाचन अधिकारी सविता पाठक, प्रदीप नारायण तिवारी और अरुण दुबे की उपस्थिति में आयोजित सभा में दो तिहाई से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान संस्था की विगत दो वर्षों की गतिविधियों की जानकारी के साथ लेखा परीक्षण प्रतिवेदन सुनील कुमार बाजारी और शैलेन्द्र राठौर ने प्रस्तुत किया। आमसभा में नवीन पदों के सृजन संबंधी प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से अनुमोदन दिया गया। नई प्रांतीय प्रबंधकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में सविता पाठक, प्रदीप नारायण तिवारी, अरुण दुबे, अनिल गुप्ता और मुरली मनोहर खंडेलवाल को संरक्षक बनाया गया। सुनील कुमार बाजारी प्रांतीय अध्यक्ष, सुरेश मिश्रा और अशोक ताम्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि बबिता नत्थानी, महेश वर्मा, प्रभात केयूर भूषण मिश्रा, पी. संतोष नायडू, शरद अग्रवाल और डॉ. दीपक शर्मा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रांतीय अध्यक्ष सुनील कुमार बाजारी ने नई प्रबंधकारिणी के गठन की जानकारी दी। बताया कि महेश दुबे को सचिव, अजय कुमार जैन को कोषाध्यक्ष और प्रहलाद मिश्रा को संयुक्त सचिव बनाया गया। अमरसिंह अजमानी, मुकेश चोपड़ा, धर्मेन्द्र पंड्या और डॉ. शिरीष शर्मा सह सचिव नियुक्त किए गए। सुधा कसार को विधिक सलाहकार तथा अनिरुद्ध दुबे प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में घनश्याम दास जोशी, बसंत कश्यप, अभिषेक जैन, अजय सोनी, पंकज अग्रवाल, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, शैलेन्द्र राठौर, राजेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्रकांत पांडे, राजेन्द्र जंघेल, शशि पांडे, नेहा तिवारी और ऋखीदास वैष्णव को शामिल किया गया।

● संस्कारवान मां से होगा सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण, विश्वमांगल्य सभा का आयोजन

मां के संस्कारों से संवरेगी आने वाली पीढ़ी, सशक्त होगा राष्ट्र, मातृत्व के चार स्तंभों पर हुआ मंथन

भिलाई। संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण एक संस्कारित मां से शुरू होता है। मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के व्यक्तित्व, विचारों और जीवन मूल्यों को गढ़ने वाली पहली शिक्षक भी होती है। मां के संस्कारों से ही परिवार में सदाचार, सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इसी विचार को केंद्र में रखकर विश्वमांगल्य सभा की ओर से भिलाई में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों और आसपास के क्षेत्रों से पहुंची महिलाओं ने भाग लिया। बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। कार्यक्रम में मातृत्व की भूमिका, परिवार में संस्कारों के महत्व और समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की जिम्मेदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन के उद्देश्यों और उसके कार्यों को अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाने पप जोर दिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत भाविशा साहू की गणेश वंदना से हुई। इसके बाद अनिता वर्मा समूह ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को दर्शाते हुए सुवा नृत्य की प्रस्तुति दी। दीप प्रज्ज्वलन के साथ मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आशा बहन, विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज डामोर, राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख पूजा पाठक और रजनी विजय बघेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।







मातृत्व भाव से होगा समाज का उत्थान

विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज डामोर ने संगठन की स्थापना, विचारधारा और देशव्यापी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने माता और नारी की भूमिका को विस्तार से समझाते हुए कहा कि विश्वमांगल्य सभा का कार्यक्षेत्र विश्व का प्रत्येक परिवार है और इसके केंद्र में माता है। मां के मातृत्व भाव को स्थायी बनाकर परिवार, समाज और राष्ट्र के उत्थान की दिशा में काम करना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है।

संस्कार, सामर्थ्य, सदाचार और सेवा हैं मातृत्व के चार स्तंभ

राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख एवं मुख्य वक्ता पूजा पाठक ने युगानुकूल मातृत्व विषय पर विचार रखते हुए कहा कि संस्कार, सामर्थ्य, सदाचार और सेवा मातृत्व निर्माण के चार प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को केवल अच्छी शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनमें सही-गलत की समझ, नैतिक मूल्य, आत्मविश्वास और दूसरों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी जरूरी है। इसके लिए मां का स्वयं संस्कारवान, सामर्थ्यशाली और सदाचारपूर्ण आचरण वाला होना आवश्यक है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने और बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में माताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

मातृशक्ति को संगठन से जोड़ने पर जोर

कार्यक्रम में रजनी विजय बघेल और ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने माताओं की जिम्मेदारी, परिवार में संस्कारों के महत्व और बच्चों को अच्छे जीवन मूल्य देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मां का व्यवहार, विचार और आचरण बच्चों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है।

भिलाई नगर कार्यसमिति का गठन

इस अवसर पर विश्वमांगल्य सभा की भिलाई नगर कार्यसमिति का गठन भी किया गया। इसमें डॉ. सविता देशमुख को अध्यक्ष, उपासना साहू और ललिता सिंह को उपाध्यक्ष, नीता चौरसिया को सचिव तथा सिद्धि मिश्रा और डॉ. करुणा कश्यप को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। मनीषा नंदनवार और सीमा तिवारी को सदस्य नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजिका प्रतीक्षा बाबर, सहसंयोजिका नीरजा मोसले, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, सुषमा जेठानी, दिव्या भसीन, पद्मश्री उषा बारले, डॉ. मानसी गुलाटी, स्वीटी कौशिक, विनीता पांडे, डॉ. अनामिका शर्मा, तृप्ति चंद्राकर, डॉ. अंजना श्रीवास्तव और अश्विनी नागले सहित पार्षद एवं विभिन्न समितियों से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सविता देशमुख ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन माया बैनर्जी ने किया।

से. 6 में रामलीला मंडली काशी का आयोजन

रामलला के जन्मोत्सव पर भाव-विभोर हुए लोग

भिलाई। आदर्शवादी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और जगत जननी माता सीता को अपने जीवन में प्रेरणापुंज मानकर कर्तव्यपथ पर चलने वाले ही समाज का पुनरोद्धार कर सकते हैं। रामायण और रामलीला ऐसे सच्चे भक्तों को समाज परिवर्तन के लिए असीम शक्ति देते हैं। सनातन की आत्मा राम असत्य पर सत्य की जीत के ही नहीं बल्कि त्याग और कर्तव्यपरायणता के प्रतीक होने के साथ अत्याचार और अन्याय के प्रतिकार के लिए भी प्रेरित करते हैं। इस दिव्य और भव्य आह्वान के साथ आज मंगलवार को सेक्टर 6 मैदान में जब रामलीला का यादगार श्रीगणेश हुआ तो धर्मप्राण दर्शक भावविभोर हो गए। अलौकिक पावन यज्ञ के बाद के बाद अयोध्या में जैसे ही कौशिल्यापुत्र रामलला का जन्म हुआ आकाश से देवी देवता और राजमहल तथा धरती पर उत्सवी वातायन में दर्शकों के पुष्पवर्षा और जयघोष से सबकुछ सराबोर हो गया।

दीपावली के पावन अवसर पर श्री रामायण रामलीला मंडल विंध्याचल धाम काशी क्षेत्र के तत्वावधान में समस्त नगरवासी भिलाई द्वारा सेक्टर 6 ई मार्केट दुर्गा पंडाल में आयोजित नौ दिवसीय श्री रामायण रामलीला के पहले दिन आज ऐसा ही मोहक नजारा था। भक्तिमय वातावरण में आज दशरथ पुत्रेष्टि यज्ञ और राम जन्म प्रसंग पर मंडली के कलाकारों ने जीवंत अभिनय किया। राज ऋषि विश्वामित्र की सलाह पर संतान को लेकर चिंतित राजा दशरथ आदर्श पुत्र की कामना के लिए महर्षि श्रृंगी के मार्गदर्शन में भव्य यज्ञ करवाते हैं। यज्ञकुंड से प्रकट हुए अग्निदेव राजा को खीर भेंटकर माता कौशिल्या कैकयी ओर सुमित्रा को खिलाने बोलते हैं । इस पुण्यप्रताप से साकेतनगरी में भगवान राम और लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होते ही राजमहल में जयकारों और खुशी से स्वर्गिक वातावरण हो जाता है। वहीं रावण के अत्याचार से आतंकित ऋषि मुनी भारी खुशी से हे राम तुम्हारी जय होवे ...के जयकारे से नाचने लगते हैं। फूलों से सजे पालने में रामलला सहित चारों भाइयों को देखने सभी उमड़ पड़ते हैं।



भक्तिमय हुआ माहौल

झुरझुरी ठंड के बीच सेक्टर 6 ई मार्केट मैदान में दर्शक अंत तक रामलीला का आनंद लेते रहे। श्री राम का अभिनय कलाकार अनुज सिंह, लक्ष्मण का अर्पित सिंह और दशरथ का प्रभावी किरदार उमेश मिश्रा ने निभाया। व्यास राजमणी से मधुर संगीत के बीच रामाणण की चौपाई और दोहों के साथ ओजस्वी कथा बखान की। रामलीला में माता सीता की भूमिका में शिव बहादुर, हनुमान धीरज सिंह, रावण - वीरेंद्र कुमार और राजेश होंगे। इनके अलावा सत्यम, अनिल कुमार, संजय, रंजीत आदि कलाकार रामलीला में भूमिका निभाएंगे। आरंभ में आयोजन समिति के लोगों ने भगवान राम के चित्र की पूजाअर्चना बाद कलाकारों का भावभीना स्वागत किया। रामलीला में 27 अक्टूबर को मुनी आगमन ताड़का व सुबाहू वध, 28 को धनुष यज्ञ, रावण-वाणासुर संवाद, 29 को परशुराम लक्ष्मण संवाद, सीता राम विवाह व टिकावन, 30 अक्टूबर को दशरथ कैकयी संवाद,राम वनवास 31 को सूर्पणखा नक्छेदन व सीता हरण, 1 नवंबर राम शबरी व राम हनुमान भेंट और बाली वध, 2 को लक्ष्मण शक्ति और कुंभकर्ण वध और 3 नवंबर को मेघनाद के बाद रावण वध और राम राजतिलक बाद चढ़ोत्री व प्रसाद वतरण से के साथ रामलीला का यादगार समापन होगा। मंडली के संचालक महेंद्र सिंह और अशोक पांडेय और आयोजकों ने शहर के सभी लोगों से रामलीला का आनंद लेने का आग्रह किया है।

रिसाली में श्रीमद् भगवत कथा

गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर





भिलाई। रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन मंगलवार कोभागवताचार्य संत निरंजन महाराज जी (लिमतरा वाले) ने गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार एवं राजा बलि के प्रसंगों का वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भगवान की लीलाओं का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कथा में गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब गजेंद्र मगरमच्छ के चंगुल में फंसकर असहाय हो गया, तब उसने सच्चे मन से भगवान विष्णु का स्मरण किया। भक्त की पुकार सुनकर भगवान ने उसकी रक्षा की। इस प्रसंग के माध्यम से बताया गया कि विपत्ति के समय सच्चे मन से भगवान का स्मरण करने से भक्त को संबल मिलता है। समुद्र मंथन के प्रसंग में देवताओं और असुरों द्वारा अमृत प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन किया गया। वहीं, वामन अवतार की कथा में भगवान विष्णु द्वारा राजा बलि से तीन पग भूमि मांगने और अपने विराट स्वरूप से तीनों लोकों को नापने का प्रसंग सुनाया गया। बताया कि राजा बलि ने भगवान के समक्ष अपना सर्वस्व समर्पित कर त्याग और दानशीलता का परिचय दिया। इन प्रसंगों से श्रद्धालुओं को अहंकार त्यागने, दान-पुण्य करने और भगवान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा मिली। कथा 31 अक्टूबर तक चलेगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के 16वें प्रांतीय अधिवेशन में आयोजित की गई नृत्य प्रतियोगिता

कुर्मी आइडल नृत्य प्रतियोगिता के ऑडिशन में उमड़ा कला साधकों का उत्साह, 62 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

कार्नर न्यूज

दुर्ग/अंडा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के 16वें प्रांतीय महाअधिवेशन एवं 25वें कूर्मि संझा रजत जयंती वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित होने वाली कुर्मी आइडल नृत्य प्रतियोगिता 2026 को लेकर समाज के कला साधकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में कुथरेल स्थित चंद्राकर भवन में आयोजित ऑडिशन में समाज के 62 कला साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ऑडिशन में बच्चों से लेकर युवक-युवतियों, महिलाओं और पुरुषों तक ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान 6 समूहों तथा 22 एकल-युगल प्रस्तुतियों ने प्रतियोगिता के लिए अपनी दावेदारी पेश की। प्रतिभागियों के उत्साह ने आयोजन को लेकर समाज में बढ़ती रुचि को दर्शाया।



नृत्य कला को प्रोत्साहित करने का है प्रयास

कुर्मी आइडल नृत्य प्रतियोगिता का मुख्य आयोजन 19 दिसंबर शनिवार को शाम 6 बजे से 36 फोर्ट कोलिहापुरी दुर्ग में किया जाएगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के 16वें प्रांतीय महाअधिवेशन एवं 25वें कूर्मि संझा रजत जयंती वर्ष समारोह का हिस्सा होगा। प्रतियोगिता के माध्यम से समाज की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और नृत्य कला को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है।

1 नवंबर को भिलाई में अगला ऑडिशन

प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए अगला ऑडिशन रविवार, 1 नवंबर 2026 को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कूर्मि भवन, राधिका नगर, भिलाई में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, ऑडिशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपना मूल आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। इसके साथ ही जिस गीत पर प्रस्तुति देनी है, उसे पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड अथवा मोबाइल में डाउनलोड करके लाना होगा। कुथरेल में आयोजित ऑडिशन के दौरान समाज के अनेक कला साधक उपस्थित रहे। आयोजन में पूर्व उपाध्यक्ष, श्रम कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, संयोजक प्रदीप देशमुख कोठिया, प्रभारी आशीष दिल्लीवार, सहप्रभारी मनीष देशमुख एवं सहित सागर देशमुख, भावेश चंद्राकर, ललित वर्मा, गिरीश हरमुख, कुमलाल देशमुख, शुभम देशमुख और इन्द्रजीत देशमुख ने सहयोग प्रदान किया।

सिटी स्पोर्टस

राजनांदगांव ने ओसीए को 7 विकेट से हराया



भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हरा दिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी की पहली पारी 99 रन पर सिमट गई, जिसके जवाब में राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन की पहली पारी 135 रन पर ऑल आउट हुई। इसके बाद ओसीए रेजिडेंशियल अकादमी ने अपनी दूसरी पारी में 153 रन बनाए। मैच के तीसरे दिन राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने दूसरी पारी की शुरुआत करते हुए 3 विकेट पर 120 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम किया। राजनांदगांव की दूसरी पारी में हिट देवांगन ने नाबाद 50 रन, शौर्य कोठारी ने नाबाद 26 रन और वर्णित सीमांकर ने 18 रनों का योगदान दिया, जबकि गेंदबाजी में ओसीए रेजिडेंशियल अकादमी की ओर से विमल, अनमोल और नमन ने 1-1 विकेट चटकाए। शानदार प्रदर्शन के लिए मुकुंद गेडाम को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्हें टेबल टेनिस के अंतरराष्ट्रीय अंपायर विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस मैच में अंपायर की जिम्मेदारी एस. बाल राजू और एच. साहू ने निभाई, जबकि स्कोरर विनोद देवघरे रहे।

एशियन क्रिकेट में अंपायरिंग कर रहे शकील और संतोष





भिलाई। क्रिकेट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 26 से 29 अक्टूबर तक चेन्नई में एशियन टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन जारी है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के दो राष्ट्रीय क्रिकेट अंपायरों, मोहम्मद शकील अहमद और संतोष प्रसाद को अंपायरिंग हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आजाद अहमद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ही बेहद अनुभवी और वरिष्ठ अंपायर हैं, जिन्होंने इससे पहले भी कई राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिताओं में सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दी हैं। उनके शानदार अनुभव की बात करें तो वे जम्मू नेशनल (2 बार), अनंतपुरम (1 बार), चेन्नई (2 बार), गोरखपुर (1 बार), नागपुर (2 बार) और रामेश्वरम (1 बार) में अपनी अंपायरिंग का लोहा मनवा चुके हैं।

अंडर-14 क्रिकेट टीम घोषित



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ ने बिलासपुर ब्लू टीम की घोषणा कर दी है। सचिव देवेंद्र सिंह ने बताया कि 50 ओवरों के इस लीग टूर्नामेंट के लिए बिलासपुर को ग्रुप 'डी' में नारायणपुर, जशपुर और कवर्धा के साथ रखा गया है। बिलासपुर ब्लू अपना पहला मुकाबला मंगलवार को कवर्धा के खिलाफ रेलवे मैदान में खेला। 28 अक्टूबर को जशपुर और 30 अक्टूबर को नारायणपुर के साथ मुकाबले होंगे। घोषित टीम में शिवांश यादव, देबांशु सरकार, राघवेंद्र चौहान, अवनीश शुक्ला, अद्वैत गोवर्धन, विनायक उपाध्याय, साहिल पंडित, विराज जांगड़े, अरनव सिंह ठाकुर, वेदांत यादव, अक्षत पांडे, तनिष्क घोरे, यश लहरे, शौर्य लहरे, मुनेश कुमार ध्रुव, आरव मिश्रा, अनुज पांडे, आयुष्मान सिंह, इश्मान सिंह उपवेजा और सारांश अग्रवाल शामिल हैं।

पैरा एथलीट अभिजीत का किया अभिनंदन



रायपचुर। जापान के आईची नागोया में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतकर लौटे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अभिजीत सखुजा का बिलासपुर पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में नेहरू चौक पर आयोजित स्वागत समारोह में खेल संघों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, तैराकी संघ के सह-सचिव हेमंत सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने अभिजीत की इस उपलब्धि को देश और प्रदेश का मान बढ़ाने वाला बताया।

अच्छी सेहत के लिए सिर्फ पौष्टिक भोजन ही नहीं आदतें भी हैं जिम्मेदार

रात के खाने के तुरंत बाद लेटने की आदत बिगाड़ सकती है आपकी नींद और सेहत, जानिए एसिड रिफ्लक्स से बचने के उपाय

शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए केवल पौष्टिक खान-पान ही काफी नहीं है, बल्कि भोजन करने के बाद की जाने वाली हमारी आदतें भी हमारी सेहत पर गहरा असर डालती हैं। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद अक्सर ऐसा महसूस होता है कि डिनर खत्म करते ही तुरंत बिस्तर पर लेट जाएं या आराम करें। हालांकि, यह आदत सुनने में जितनी आम लगती है, सेहत के लिए उतनी ही नुकसानदायक साबित हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कभी-कभार ऐसा करना भले ही बड़ी समस्या न बने, लेकिन यदि यह आपकी रोजमर्रा की आदत बन जाए, तो इससे पाचन तंत्र से जुड़ी कई गंभीर दिक्कतें शुरू हो सकती हैं।



एसिड रिफ्लक्स और सीने में जलन का खतरा

जब हम भोजन करने के तुरंत बाद लेट जाते हैं, तो हमारे पेट में मौजूद पाचक रस और एसिड गुरुत्वाकर्षण के विपरीत भोजन नली (Esophagus) की तरफ ऊपर की ओर आने लगते हैं। इस चिकित्सकीय स्थिति को एसिड रिफ्लक्स कहा जाता है। इसके कारण सीने में तेज जलन (Heartburn), मुंह में खट्टा स्वाद और बार-बार खट्टी डकार आने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। जिन लोगों को पहले से ही गैस्ट्रिक या एसिडिटी की शिकायत रहती है, उनके लिए यह लापरवाही बहुत भारी पड़ सकती है। भारी भोजन के बाद लेटने से पेट में लंबे समय तक भारीपन और बेचैनी बनी रहती है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

पाचन तंत्र की गड़बड़ी और नींद की गुणवत्ता पर असर

खाने के तुरंत बाद सोने का सीधा असर आपकी पाचन प्रक्रिया और नींद पर पड़ता है। जब शरीर लेटी हुई अवस्था में होता है, तो भोजन को पचाने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे पेट फूलना, गैस और बदहजमी जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं। इस आंतरिक असंतुलन का असर आपकी नींद की गुणवत्ता पर भी पड़ता है। एसिड रिफ्लक्स के कारण होने वाली सीने की जलन, बेचैनी या गले में खराश की वजह से रात में बार-बार नींद टूटने लगती है। इसके अलावा, रात के समय भारी या वसायुक्त भोजन करना भी अनिद्रा और गहरी नींद में बाधा का एक बड़ा कारण बनता है, जिससे सुबह उठने पर थकान महसूस होती है।



स्वस्थ जीवनशैली के लिए अपनाएं ये जरूरी बदलाव

इन तमाम स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए जीवनशैली में कुछ छोटे लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव करना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह है कि रात के भोजन और सोने के समय के बीच कम से कम 2 से 3 घंटे का पर्याप्त अंतर जरूर रखें। इसके अलावा, डिनर के



तुरंत बाद बिस्तर पर जाने के बजाय घर के आसपास 10 से 15 मिनट की हल्की वॉक (टहलना) करने की आदत डालें। यह छोटी सी वॉक भोजन को आसानी से पचाने में मदद करती है और मेटाबॉलिज्म को भी दुरुस्त रखती है।

कब लेनी चाहिए डॉक्टर की सलाह?

यदि आपको लगातार सीने में जलन, खाना निगलने में कठिनाई, या बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन घटने जैसी समस्याएं महसूस हो रही हैं, तो इन्हें बिल्कुल नजरअंदाज न करें। यह किसी अंदरूनी आंत या पाचन संबंधी गंभीर समस्या के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत किसी योग्य चिकित्सक से परामर्श लें और उनकी सलाह के अनुसार अपने खान-पान व जीवनशैली में सुधार करें।



घर की आग्नेय कोण दिशा में क्या रखें और क्या नहीं, जरूर जानें

वास्तु शास्त्र में सभी चीजों को सही दिशा में रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। वास्तु शास्त्र में दिशाओं को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह मान्यता है कि प्रत्येक दिशा में एक विशिष्ट प्रकार की ऊर्जा होती है जो हमारे जीवन को प्रभावित करती है।

वास्तु के अनुसार, घर या किसी भी संरचना का निर्माण करते समय दिशाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि सकारात्मक ऊर्जा क प्रवाह सुनिश्चित हो सके और नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखा जा सके। आपको बता दें, सूर्योदय की दिशा होने के कारण पूर्व दिशा को बहुत शुभ माना जाता है। इस दिशा में पूजा घर या अध्ययन कक्ष होना शुभ होता है। पश्चिम दिशा को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जोड़ा जाता है। इस दिशा में तिजोरी या धन रखने की जगह होना शुभ माना जाता है। उत्तर दिशा को भगवान कुबेर की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पानी का स्रोत होना शुभ होता है। दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पैरों का होना शुभ नहीं माना जाता है।

उत्तर दिशा को देवताओं की दिशा माना जाता है। यहां पूजा स्थल बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पूर्व दिशा में अग्नि का देवता रहता है। यहां रसोईघर बनाना शुभ होता है। उत्तर-पश्चिम को वायु देवता की दिशा माना जाता है। यहां बच्चों का कमरा बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पश्चिम को पृथ्वी देवी की दिशा माना जाता है। यहां भारी सामान रखना शुभ होता है।



अब ऐसे में घर की आग्नेय कोण दिशा में किन चीजों को भूलकर भी नहीं रखना चाहिए। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

क्या है आग्नेय कोण दिशा?

आग्नेय कोण वास्तु शास्त्र में एक महत्वपूर्ण दिशा है। इसे दक्षिण-पूर्व दिशा भी कहा जाता है। यह दिशा अग्नि तत्व से संबंधित है और इसमें ऊर्जा का स्तर काफी अधिक होता है। यह दिशा ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत मानी जाती है। आमतौर पर रसोई को इसी दिशा में बनाया जाता है क्योंकि अग्नि तत्व रसोई से जुड़ा हुआ है। इस दिशा में बहुत अधिक धातु या पानी का होना शुभ नहीं माना जाता है।

आग्नेय कोण दिशा में न हो बेडरूम

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के विभिन्न कोणों का अलग-अलग महत्व होता है। आग्नेय कोण, जो दक्षिण-पूर्व दिशा में होता है, अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। इस कोण में अत्यधिक ऊर्जा होती है और यह गति, ऊर्जा और उत्साह से जुड़ा हुआ है। आग्नेय कोण की अत्यधिक ऊर्जा शांत नींद के लिए अनुकूल नहीं होती। यह बेचैनी, अनिद्रा और तनाव का कारण बन सकती है। वास्तु के अनुसार, आग्नेय कोण में बेडरूम होने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं जैसे कि उच्च रक्तचाप, दिल की बीमारियां और गुस्सा। इस कोण में बेडरूम होने से व्यक्तिगत संबंधों में तनाव और झगड़े बढ़ सकते हैं। आग्नेय कोण में बेडरूम होने से धन हानि हो सकती है। यदि आप एक सक्रिय और ऊर्जावान व्यक्ति हैं, तो आप अपना कार्यक्षेत्र आग्नेय कोण में बना सकते हैं।

जल और अग्नि दोनों ही प्रबल तत्व हैं। जब इन दोनों को एक साथ रखा जाता है तो ऊर्जा का असंतुलन होता है जो नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। वास्तु के अनुसार, आग्नेय कोण में पानी से संबंधित चीजें रखने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



सीनियर वर्ग में सागर और जूनियर वर्ग में आर्यन व समाया बने विजेता

रायपुर। राजधानी के सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, बुढ़ापारा में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम और सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से 22 से 25 अक्टूबर तक आयोजित 'यूटीटी 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026' का सफलतापूर्वक समापन हो गया है।



प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न वर्ग के रोमांचक और संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनके परिणामों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

विभिन्न आयु वर्ग के फाइनल मुकाबलों के रोमांचक परिणाम

प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मैचों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें सीनियर पुरुष एकल वर्ग में रायपुर के सागर घाटगे ने शानदार खेल दिखाते हुए रायपुर के ही रामजी कुमार को 4-1 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। जूनियर (17 वर्ष से कम) बालक एकल वर्ग में रायपुर के आर्यन कुमार सिंह ने कड़े मुकाबले में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े को 3-2 से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। जूनियर (17 वर्ष से कम) बालिका एकल वर्ग में रायपुर की समाया पांडे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रायपुर की ही वेदी कछवाहा को 3-0 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला जीता। कैडेट (13 वर्ष से कम) बालक एकल वर्ग में बिलासपुर के आदित्य सोनी ने रोमांचक संघर्ष के बाद रायपुर के विवान बैसवाड़े को 3-2 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। कैडेट (13 वर्ष से कम) बालिका एकल वर्ग में रायपुर की इशी मिश्रा ने दुर्ग की सौबाना रक्षिता को 3-2 से मात देकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

अतिथियों ने किया सम्मान

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एस.पी. अग्रवाल थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के अध्यक्ष मुरली शर्मा ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट दीपक जैन, हीरा ग्रुप के जनसंपर्क अधिकारी पंकज शुक्ला, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला और तकनीकी समिति के चेयरमैन अरविंद कुमार शर्मा उपस्थित रहे। मंच पर आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े और मुख्य निर्णायक विमल नायर भी आसीन रहे, और कार्यक्रम का संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद ने किया। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मैच के मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय अंपायर विमल नायर, सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी, शिशिर गुप्ता और पी.एन. मजुमदार ने अपनी महत्वपूर्ण और निष्पक्ष भूमिका निभाई।

रूखी और सख्त रोटी से मिलेगा ऐसे छुटकारा

रोटी को लंबे समय तक सॉफ्ट और फूला हुआ बनाए रखने के लिए बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल सबसे आसान और असरदार तरीका है। सबसे पहला तरीका यह है कि आप आटा गूंथने से पहले सूखे आटे में ही आधा छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें और फिर गुनगुने पानी से नरम आटा गूंथें। यह बेकिंग पाउडर पानी के साथ मिलते ही एक्टिव हो जाता है और आटे के भीतर हवा की छोटी-छोटी पॉकेट्स बना देता है, जिससे रोटी सेकते समय गुब्बारे की तरह फूलती है। दूसरा तरीका दही और बेकिंग पाउडर का कॉम्बिनेशन है, जिसमें एक बड़ा चम्मच दही में आधा चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाकर आटे में डाला



जाता है और गर्म पानी से गूंथकर 20-30 मिनट के लिए रख दिया जाता है। दही और बेकिंग पाउडर मिलकर एक खमीरी प्रभाव पैदा करते हैं जिससे रोटी अत्यधिक मुलायम बनती है। तीसरे तरीके में आप आटे में बेकिंग पाउडर के साथ एक चम्मच देशी घी मिलाकर गुनगुने पानी से आटा गूंथें और गीले कपड़े से 20 मिनट के लिए ढक दें। इससे आटे का ग्लूटेन अच्छे से फैलता है और रोटियां बिल्कुल नान की तरह सॉफ्ट और स्वादिष्ट बनती हैं। चौथा और अंतिम तरीका है पानी की जगह गर्म दूध का प्रयोग करना। आधा चम्मच बेकिंग पाउडर को एक कप गुनगुने दूध में घोलकर उससे आटा गूंथने से दूध के प्रोटीन आटे को रिचनेस देते हैं और रोटियाँ ठंडी होने के बाद भी कई घंटों तक रुई जैसी नरम बनी रहती हैं।

कार्नर न्यूज

दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई में इंटर-डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

फुटबॉल में देश भर के डीपीएस स्कूलों की 16 टीम दे रही एक दूसरे को कड़ी टक्कर, पहले दिन हार-जीत के साथ ड्रॉ का रोमांच

भिलाई। डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट जोन-4 बालक ओपन 2026 मंगलवार से दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में शुरू हुई। 29 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में छह राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड और ओडिशा के डीपीएस स्कूलों की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें कुल 256 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि स्टील एजुकेशन सोसाइटी भिलाई के चेयरमैन और भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन पवन कुमार, विशिष्ट अतिथि बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट डीपीएस भिलाई के सदस्य एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक प्रभारी जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, शिक्षा विभाग की महाप्रबंधक शिखा दुबे, नन्दिनी राजश्री, शौमिक डे और रनदीप साव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रभारी प्राचार्य अमजद हसन जुनजानी ने स्वागत भाषण दिया। क्रीड़ा प्रभारी नितिन नायर ने टीम मैनेजरों और खिलाड़ियों का परिचय अतिथियों से कराया। इस अवसर पर उप प्राचार्य शैक्षणिक राजदीप सेन, प्रधानाध्यापिका सीनियर विंग नीलम पांडेय, प्रधानाध्यापक मिडिल विंग अनिल कुमार जांगिड़ सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



शानदार मुकाबले जारी हैं रिसाली और मरोदा में

प्रथमतः डीपीएस रिसाली परिसर में खेले गए मैचों में डीपीएस दीमापुर ने डीपीएस दुलियाजन को 4-1 से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में डीपीएस रांची ने डीपीएस दुर्गापुर को 5-1 से हराया, और डीपीएस दुर्ग ने डीपीएस मेगा सिटी कोलकाता को 2-0 से मात दी। डीपीएस सिलीगुड़ी ने डीपीएस बिलासपुर को 6-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि डीपीएस कलिंगा ने डीपीएस दीमापुर को 3-0 से हराया।

इसके अलावा डीपीएस भिलाई और डीपीएस रांची के बीच हुए कड़े मुकाबले में डीपीएस भिलाई ने 2-1 से विजय हासिल की। मरोदा परिसर में हुए मुकाबलों में डीपीएस सिलीगुड़ी ने डीपीएस गुवाहाटी को 1-0 से हराया। डीपीएस बोकारो ने डीपीएस बिलासपुर के खिलाफ 9-1 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। मेजबान टीम डीपीएस भिलाई ने डीपीएस फुलवारी सिलीगुड़ी को 5-1 से पराजित किया।

अन्य मुकाबलों में डीपीएस राउरकेला ने डीपीएस रूबी पार्क कोलकाता को 2-0 से हराया, और डीपीएस गुवाहाटी ने डीपीएस बोकारो को 2-1 से शिकस्त दी। मरोदा टर्फ ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में डीपीएस कलिंगा ने डीपीएस रायपुर को 3-0 से हराया। डीपीएस रूबी पार्क कोलकाता और डीपीएस मेगा सिटी कोलकाता के बीच हुआ मुकाबला गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। डीपीएस रायपुर ने डीपीएस दुलियाजन को 1-0 से हराया, जबकि डीपीएस दुर्गापुर और डीपीएस फुलवारी सिलीगुड़ी का मैच 3-3 की बराबरी पर ड्रा रहा। दिन के अंतिम मुकाबले में डीपीएस राउरकेला और डीपीएस दुर्ग की टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं और मैच ड्रा घोषित किया गया।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

क्वेंटिन और डेविड की महाजुगलबंदी से सजेगी फिल्म 'द फर्दर मिस-एडवेंचर्स ऑफ क्लिफ बूथ'

हॉलीवुड के दो सबसे बड़े और प्रभावशाली फिल्मकार क्वेंटिन तारान्टिनो और डेविड फिंचर पहली बार किसी प्रोजेक्ट के लिए एक साथ आ रहे हैं, जिससे पूरी दुनिया के फिल्म प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। 'वंस अपॉन अ टाइम इन हॉलीवुड' फिल्म के सबसे लोकप्रिय और चर्चित स्टंटमैन किरदार 'क्लिफ बूथ' पर आधारित इस नई फिल्म का नाम 'द फर्दर मिस-एडवेंचर्स ऑफ क्लिफ बूथ' रखा गया है। सिनेमा की इन दो महान हस्तियों का एक ही प्रोजेक्ट पर साथ आना इस दशक की सबसे बड़ी सिनेमैटिक घटनाओं में से एक माना जा रहा है, जो पर्दे पर कुछ असाधारण पेश करने का वादा करता है।



इस रोमांचक प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें ऑस्कर विजेता अभिनेता ब्रैड पिट एक बार फिर अपने उसी प्रतिष्ठित और डैशिंग अंदाज में 'क्लिफ बूथ' के किरदार को जीवित करते नजर आएंगे। पिछली फिल्म में उनके इस बेबाक, कूल और दमदार किरदार ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी थी, और अब इस स्पिन-ऑफ या सीक्वल जैसी फिल्म में उनके इस सफर को और अधिक गहराई से परदे पर उतारा जाएगा। ब्रैड पिट के फैंस के लिए यह किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है कि वे अपने पसंदीदा अभिनेता को इस लोकप्रिय अवतार में दोबारा देख पाएंगे। फिल्म के रचनात्मक पक्ष की बात करें तो इसकी पटकथा (स्क्रिप्ट) खुद मास्टरमाइंड निर्देशक क्वेंटिन तारान्टिनो ने लिखी है, जो अपने अनोखे डायलॉग्स और नॉन-लीनियर नैरेटिव स्टाइल के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं। वहीं, इस शानदार कहानी को दृश्य रूप देने और निर्देशन की कमान थ्रिलर और मिस्ट्री जॉनर के उस्ताद डेविड फिंचर संभाल रहे हैं।

टॉलीवुड

नयनतारा की 'मूकुथी अम्मा 2' का धमाकेदार ट्रेलर आउट, खूब पसंद आ रहा दर्शकों को

दक्षिण भारतीय सिनेमा की 'लेडी सुपरस्टार' नयनतारा की बहुप्रतीक्षित फैंटेसी-कॉमेडी फिल्म 'मूकुथी अम्मा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर सामने आते ही सोशल मीडिया और सिनेप्रेमियों के बीच जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है। वर्ष 2020 में आई सुपरहिट फिल्म 'मूकुथी अम्मा' के इस सीक्वल का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। ट्रेलर में दिखाया गया शानदार विजुअल इफ़ेक्ट्स और मनोरंजक प्लॉट यह स्पष्ट करता है कि यह फिल्म एक बार फिर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



फिल्म की कहानी धार्मिक आस्था, आधुनिक समाज की मान्यताओं और पारिवारिक ड्रामा के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में नयनतारा एक बार फिर 'देवी मूकुथी अम्मा' के दिव्य और आकर्षक अवतार में नजर आ रही हैं, जो अपने भक्तों की समस्याओं को हल करने और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए धरती पर आती हैं। भक्ति रस के साथ-साथ फिल्म में हास्य (कॉमेडी) का ऐसा तड़का लगाया गया है जो हर उम्र के दर्शकों को बांधकर रखने का वादा करता है।

'मूकुथी अम्मा 2' में नयनतारा के साथ-साथ दक्षिण भारत के कई दिग्गज कलाकार मुख्य और सहायक भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन और पटकथा इस तरह से तैयार की गई है कि यह केवल एक धार्मिक फिल्म न रहकर एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक पैकेज बने। शानदार बैकग्राउंड म्यूजिक, बेहतरीन डायलॉग्स और नयनतारा का सशक्त अभिनय ट्रेलर की सबसे बड़ी यूएसपी बनकर उभरा है, जिसे देखकर दर्शकों की उत्सुकता कई गुना बढ़ गई है।

भोजपुरी

रची जा रही पारिवारिक मिठास, 'हमार बहू सोन चिरैया' की शूटिंग ने पकड़ा

प्रयागराज (इलाहाबाद) के शांत और सुरम्य ग्रामीण अंचलों में इन दिनों भोजपुरी सिनेमा का एक अलग ही रंग देखने को मिल रहा है। नई भोजपुरी फिल्म 'हमार बहू सोन चिरैया' की शूटिंग यहां के देहाती इलाकों में बेहद तेजी और उत्साह के साथ चल रही है। गांव के स्वाभाविक परिवेश, लहलहाते खेतों और पारंपरिक घरों के बीच फिल्माए जा रहे दृश्य दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ने का अहसास कराते हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसको लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही थी, जो अब शूटिंग शुरू होने के साथ और भी बढ़ गई है।



फिल्म के गानों, एक्शन सीन्स और भावुक कर देने वाले दृश्यों की शूटिंग के दौरान सेट पर स्थानीय ग्रामीणों का भारी हुजूम उमड़ रहा है। अपने चहेते कलाकारों को करीब से अभिनय करते देखने और शूटिंग की बारीकियों को समझने के लिए लोग दूर-दूर से खिंचे चले आ रहे हैं। ग्रामीणों के इस तरह के अपार प्यार और सहयोग से फिल्म की पूरी टीम और कलाकार बेहद गद्गद हैं। निर्देशक और कलाकारों का मानना है कि प्रयागराज के लोगों का यह उत्साह फिल्म को एक नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

देसी छाप

पापुआ न्यू गिनी की विविध संस्कृतियों की समृद्ध झलक पेश करने पीएनजी फैशन वीक में पारंपरिक तत्वों को समकालीन फैशन में पिरोया गया। यह स्थानीय डिजाइनरों की अनूठी कहानियों, कलात्मकता और कारीगरी को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच का काम करता है, जिससे उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत को व्यक्त करने और सहेजने का मौका मिलता है। इस तरह, यह आयोजन फैशन और पहचान के बीच के रिश्ते को मजबूत करता है और इसे देश की धड़कन बना देता है।



दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल

जब भी ज्वलरा का बात आता ह ता इन्ह ट्राइ करन क लए माहलाए हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।



पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं।

पर्ल ब्रेसलेट

अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको लेयर वाले ब्रेसलेट और सिंगल ब्रेसलेट डिजाइन भी मिलेंगे। जिन्हें आप मार्केट से खरीद सकती हैं। इसमें आपको डिजाइन के साथ-साथ अलग-अलग कलर भी मिलेंगे।

वार्डरोब में शामिल करें ट्रेंडिंग साड़ियां, मिलेगा ग्रेसफुल और यंग लुक



भारतीय संस्कृति में साड़ी का फैशन कभी भी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता। समय के साथ इसके डिजाइंस और ड्रेपिंग स्टाइल्स में कई बदलाव आए हैं, लेकिन त्योहारों और शादियों के इस खास सीजन में एथनिक वियर का असली मज़ा पारंपरिक साड़ियों को पहनने में ही आता है।



करवा चौथ, दीपावली, देवउठनी ग्यारस और फिर शुरू होने वाले शादी-ब्याह के शुभ मुहूर्तों को ध्यान में रखते हुए, अगर आप भी अपनी वार्डरोब को अपडेट करना चाहती हैं, तो ये खास साड़ियां आपके लिए परफेक्ट रहेंगी। खास तौर पर 50 की उम्र के आस-पास की महिलाओं के लिए ये डिजाइंस न सिर्फ बेहद क्लासी हैं, बल्कि इन्हें सही तरीके से स्टाइल करने पर आप अपनी उम्र से काफी यंग और खूबसूरत नजर आएंगी।

पटोला सिल्क साड़ी

लुक और खासियतः पटोला साड़ियां अपनी खूबसूरत और पारंपरिक बुनाई के लिए जानी जाती हैं। यह साड़ी दिखने में जितनी रिच लगती है, पहनने में उतनी ही हल्की और आरामदायक होती है। वजन में हल्की होने के कारण इसे संभालना बेहद आसान है।



बजट और स्टाइलः इस तरह के ग्रेसफुल डिजाइंस आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे।

स्टाइलिंग टिपः इस साड़ी के साथ एंटीक गोल्डन फिनिश वाली ज्वेलरी या पर्ल (मोती) वर्क नेकलेस पेयर करें। यह लुक आपको बेहद सोबर और एलिगेंट दिखाएगा।

क्रेप सिल्क साड़ी

लुक और खासियतः सिल्क की वैरायटी में क्रेप सिल्क का फॉल और ग्रेस कमाल का होता है। यह शरीर पर बहुत ही खूबसूरती से फिट बैठती है और एक मॉडर्न यंगर वाइब देती है।

बजट और स्टाइलः इस तरह की साड़ियां फेस्टिव और वेडिंग दोनों सीजन के लिए बेस्ट हैं।

असल उम्र से कम दिखने के लिए कच्चे दूध का करें इस्तेमाल

उम्र के साथ त्वचा में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं। वहीं उम्र चाहे कितनी भी हो, रोजाना त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन लगभग सभी प्रोडक्ट्स में कई प्रकार के केमिकल मौजूद होते हैं जो त्वचा की चमक को फीका बना सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल चेहरे पर कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे करें जवां और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को मिलने वाले फायदे।

कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने के फायदे

कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है जो त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। यह त्वचा को नमी देने का काम भी करता है जिसके कारण त्वचा मॉइस्चराइज नजर आती है।

शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे



त्वचा में मौजूद पोर्स की सफाई करने से लेकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है। त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। यह स्किन टेक्सचर को सुधारने के काम भी आता है।

जवां त्वचा पाने के लिए क्या करें?

जवां त्वचा पाने के लिए सबसे सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 चम्मच शहद के साथ 2 से 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे की त्वचा पर लगा लें।

फटे-पुराने कपड़ों को फेंके नहीं दीवाली के स्वागत में बनाएं लटकन

अपने लुक को अप-टू-डेट रखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन अपने वार्डरोब में कई तरीके के बदलाव भी करते रहते हैं। बदलते दौर में भी कुछ चीजें एवरग्रीन रहती हैं जैसे कि ब्लाउज में लगी डोरी पर लटकन। हालांकि इसके कई डिजाइन आपको मार्केट से बने-बनाए आसानी से मिल जाएंगे।

बता दें कि आप इन लटकन को घर पर भी आसानी से बना सकती हैं। इसके लिए आप पड़े पुराने कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं घर पर पड़े बेकार कतरन के कपड़े की मदद से ब्लाउज पर लगी डोरी के लिए लटकन के लेटेस्ट डिजाइंस।

थ्रेड वर्क लटकन डिजाइन बनाने का तरीका

अगर आप थ्रेड वर्क वाली लटकन को हैवी लुक देना चाहती हैं तो इसमें ऊपर की ओर आप फ्रिल डिजाइन बनाकर लटकन को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इसमें आप चाहे तो बीड्स और पर्ल्स भी लगवा सकती हैं और इसे और भी ज्यादा हैवी लुक दे सकती हैं। इस तरीके की थ्रेड वाली लटकन पर ऊपर की ओर आप



बड़े साइज का मोती लगाकर उसे कवर करके बांध लें।

बेल डिजाइन लटकन बनाने का आसान तरीका

वहीं अगर आप हल्के वजन में हैवी लुक देने वाली लटकन को ब्लाउज पर लगवाना चाहती हैं तो इस तरह से आप मल्टी-लेयर की बेल बनाकर अपने हिसाब से इसकी लेंथ को एडजस्ट कर सकती हैं। बेल की मल्टी-लेयर के लिए आप अलग-अलग कलर्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

पर्सनैलिटी का अहम हिस्सा बन चुकी है बियर्ड

भारतीय पुरुषों में बियर्ड का क्रेज सिर्फ स्टाइल नहीं, इसके पीछे छिपा है गहरा 'साइंस' और आत्मविश्वास का राज

आज के समय में भारतीय युवाओं और पुरुषों के बीच परफेक्ट बियर्ड (दाढ़ी) रखना सिर्फ एक फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि उनकी पर्सनैलिटी का अहम हिस्सा बन चुका है। कॉर्पोरेट ऑफिस से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह ग्रूमड बियर्ड वाले पुरुषों की एक अलग धाक देखने को मिलती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर दाढ़ी रखने के पीछे की असली वजह क्या है? वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक रिसर्च इस बात की पुष्टि करते हैं कि बियर्ड सिर्फ बाहरी आकर्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पुरुषों के अंदरूनी आत्मविश्वास और उनके व्यक्तित्व पर भी गहरा असर डालती है।



आत्मविश्वास और सेल्फ-इस्टीम का बढ़ता ग्राफ

हाल ही में हुए कई सर्वे और मनोवैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि जिन पुरुषों के चेहरे पर शानदार और सेट की हुई दाढ़ी होती है, वे खुद को ज्यादा कॉन्फिडेंट महसूस करते हैं। प्राचीन प्रतीकः इतिहास में भी दाढ़ी को ताकत, मर्दानगी और परिपक्वता का प्रतीक माना गया है।

भीड़ से अलग पहचानः जब एक पुरुष आईने में अपनी घनी और मेंटेन की हुई बियर्ड देखता है, तो उसका आत्म-सम्मान स्वतः बढ़ जाता है। पार्टी हो या कोई सोशल गैदरिंग, एक अच्छी बियर्ड वाला शख्स अपनी दमदार मौजूदगी से तुरंत भीड़ में अलग नजर आता है।

'सेल्फ-केयर' और ग्रूमिंग का बेहतरीन संकेत

एक अच्छी और आकर्षक बियर्ड यूं ही नहीं उग आती, इसके पीछे कड़ी मेहनत और नियमित देखभाल (ग्रूमिंग) की जरूरत होती है।

हेल्दी लाइफस्टाइलः बेहतरीन दाढ़ी पाने के लिए स्वस्थ खान-पान, भरपूर पानी पीना और सही जीवनशैली अपनाना जरूरी है। यह इस बात का संकेत है कि पुरुष अपनी सेहत और पर्सनल केयर को लेकर पूरी तरह सजग हैं।

रखरखाव के टिप्सः शुरुआती दिनों में पसीने और खुजली की समस्या से बचने के लिए हफ्ते में कम से कम दो बार बियर्ड शैंपू का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि चेहरा साफ और फ्रेश रहे।

